मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

मुंबई
वर्षः 7 अंक 194
गुरुवार, 30 जनवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

हर खबर निष्पक्षता के साथ

## महाकुंभ भगदड़ में 30 लोगों की मौत, 60 घायल, मेला प्रशासन ने जारी किया आंकड़ा

**प्रयागराज, 29 जनवरी।** प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान मैचे भगदड़ में 30 लोगों की जान गई है। इस बात की जानकारी उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने दी है। महाकुंभ नगर मेला क्षेत्र के डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि भगदड़ मचने के बाद हमने ग्रीन कॉरिडोर बनाया। उसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इस भगदड़ में 60 लोग घायल हुए हैं। 30 में से 25 मृतकों की पहचान हो चुकी है। भारी भीड़ के चलते यह भगदड़ मची थी। हालांकि राहत की बात यह रही कि कुछ देर के अफरा तफरी के बाद स्थिति को पूरी तरीके से नियंत्रित कर लिया गया।

डीआइजी वैभव ने कहा कि आज किसी भी वीआईपी का इलाज नहीं किया गया और महाकुंभ में मौजूद हर व्यक्ति का इलाज बिना प्रोटोकॉल के किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे को अत्यंत दुखद करार दिया और इसमें अपने परिजनों को खोने वाले श्रद्धालुओं के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इस बीच, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने भगदड़ को विपक्ष की साजिश बताते हुए इसे जांच का विषय करार दिया है। हादसे के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चार बार बात करने के बाद मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह उत्तर



प्रदेश सरकार के साथ निरंतर संपर्क में बने हुए हैं। बाद में दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर करतार नगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, जो दुःखद हादसा हुआ है, उस हादसे में हमें कुछ पुण्यात्माओं को खोना पड़ा है, कई लोगों को चोट भी आई है। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा, मैं उत्तर प्रदेश सरकार के साथ निरंतर संपर्क में हूं। मौनी अमावस्या की वजह से करोड़ों श्रद्धालु आज वहां पहुंचे हुए हैं।

कुछ समय के लिए स्नान की प्रक्रिया में रुकावटें आई थी। लेकिन अब कई घंटों से सुचारू रुप से श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। मैं एक बार फिर परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगदड़ के बाद स्थिति की समीक्षा के लिए लखनऊ में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक समेत अनेक वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि हादसे में कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगी जानकारी, तीन तलाक मामले में अब तक कितनी हुई एफआईआर

**नई दिल्ली, 29 जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को तीन तलाक की घोषणा के लिए मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 के तहत दर्ज आपराधिक मामलों के बारे में डेटा प्रदान करने का निर्देश दिया। अदालत 2019 अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाले मुस्लिम संगठनों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार की खंडपीठ ने 1991 के मुस्लिम महिला (विवाह में अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली 12 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए लंबित तीन तलाक के मामलों और इससे पहले लंबित किसी भी चुनौती के बारे में भी पूछा। पार्टियों



को दोनों पक्षों की ओर से लिखित दलीलें दाखिल करनी होंगी। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया, जांच करें और हमें दर्ज की गई एफआईआर की संख्या पर डेटा दें। याचिकाकताओं ने तर्क दिया कि कानून ने धार्मिक पहचान के आधार पर व्यक्तियों के एक वर्ग के लिए विशिष्ट दंडात्मक कानून पेश किया है। यह गंभीर सार्वजनिक शरारत का कारण है, जिसे अगर नियंत्रित नहीं किया गया तो समाज में ध्रुवीकरण और वैमनस्यता पैदा हो सकती है।

उन्होंने आगे तर्क दिया कि चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने शायरा बानो मामले में पहले ही तीन तलाक की प्रथा को असंवैधानिक घोषित कर दिया है, इसलिए कानून का कोई उद्देश्य नहीं है। तर्क दिया गया है कि इस कानून के पीछे मंशा तीन तलाक को खत्म करना नहीं बल्कि मुस्लिम पतियों को सजा देना है। न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता केवल इस प्रथा के अपराधीकरण को चुनौती दे रहे थे और इस प्रथा का बचाव नहीं कर रहे थे।

## महाकुंभ मेले में तीर्थयात्रियों की मौत पर ममता बनर्जी ने जताया शोक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रयागराज के महाकुंभ मेले में मची भगदड़ में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। बनर्जी ने अपने एक्स हैंडल पर कहा कि बंगाल में वार्षिक गंगासागर मेले के आयोजन के उनके अनुभव से पता चलता है कि कुंभ जैसे विशाल आयोजनों को संभालने के लिए अधिकतम योजना और देखभाल की आवश्यकता होती है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, महाकुंभ में हुई दुखद भगदड़ के बारे में जानकर मुझे बहुत दुख हुआ है, जिसमें कम से कम 15 निर्दोष लोगों की जान चली गई। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त श्रद्धालुओं के परिवारों के साथ है। गंगासागर मेले के आयोजन से मेरी सीख यह है कि लोगों की विशाल भीड़ को नियंत्रित करने और तीर्थयात्रियों के जीवन से संबंधित मामलों में योजना एवं देखभाल अधिकतम होनी चाहिए। दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना। मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ के संगम क्षेत्र में बुधवार तड़के स्नान करने बड़ी संख्या में पहुंचे तीर्थयात्रियों के बीच भगदड़ मचने से कई लोग हताहत हुए। उत्तर प्रदेश सरकार ने भगदड़ में मरने वालों की संख्या के बारे में अभी खुलासा नहीं किया है।

## पीएम मोदी ने विपक्षी पार्टियों पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, 29 जनवरी।** दिल्ली चुनाव से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने घोंडा के यमुना खादर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। आज की चुनावी रैली को संबोधित करने से पहले प्रधानमंत्री ने महाकुंभ में हुए दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैं प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।' कई लोगों को चोटें आईं। मैं लगातार उत्तर प्रदेश सरकार के संपर्क में हूं। कुछ समय के लिए पवित्र स्नान की प्रक्रिया बाधित हुई लेकिन अब कुछ घंटों से यह सुचारू रूप से चल रही है।

मोदी ने कहा कि दिल्ली का ये क्षेत्र यमुना जी के तट पर बसा है।



इस इलाके में तो बाबा श्याम गिरि भी विराजते हैं, मैं उनको नमन करते हुए आप सभी जनता जनार्दन को भी प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि कार्य दिवस होने के बावजूद भी आप यहां इतनी विशाल संख्या में दोपहर के समय हम सबको आशीर्वाद देने आए हैं। मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि 8 फरवरी के बाद दिल्ली में बनने वाली भाजपा सरकार अपने सभी वादे समयबद्ध तरीके से पूरे करेगी। ये मोदी की गारंटी है।

पीएम ने कहा कि ये दृश्य दिल्ली का मूड बता रहा है। ये दिल्ली के जनादेश के दर्शन करा रहा है। दिल्ली कह रही है - अब आप-दा के बहाने नहीं चलेंगे। दिल्ली कह रही है - आप-दा के फर्जी वादे नहीं चलेंगे। दिल्ली कह रही है - अब आप-दा की लूट और झूठ नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली अब एक ऐसी सरकार चाहती है। जो गरीबों के लिए घर बनाए। जो दिल्ली को आधुनिक बनाए। दिल्ली ऐसी सरकार चाहती है, जो हर घर नल से जल पहुंचाए और टैंकर माफिया से मुक्ति दिलाए। इसलिए पूरी दिल्ली आज कह रही है - 5 फरवरी आएगी, आप-दा जाएगी, भाजपा आएगी।नरेंद्र मोदी ने कहा कि 8 तारीख के बाद जब दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी, तो जो भी वादे आपसे किए गए हैं, वो सारे वादे समय सीमा में पूरे किए जाएंगे। ये मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी मतलब - गारंटी पूरा होने की गारंटी। उन्होंने कहा कि भारत के करोड़ों नागरिक विकसित भारत के संकल्प को लेकर दिनरात जुटे हुए हैं।

ये बहुत जरूरी है कि विकसित भारत की राजधानी भी एक विकसित देश का 'मॉडल शहर' बने।

## तेल फैक्टरी में बॉयलर फटने से दो मजदूरों की मौत



**कर्नाटक।** कर्नाटक के तुमकुरु में अंतरासनहल्ली औद्योगिक क्षेत्र में राइस ब्रान तेल की फैक्टरी के बॉयलर में मंगलवार को कथित तौर पर विस्फोट होने से दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि मृतकों की पहचान बिहार के चंदन शर्मा (24) और संतोष (27) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, विस्फोट शाम करीब साढ़े पांच बजे हुआ। पुलिस ने बताया कि बॉयलर में विस्फोट होने से मजदूर ऊंचाई से नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## दो हिंदुओं के बीच विवाह एक पवित्र बंधन, सालभर में नहीं तोड़ा जा सकता : इलाहाबाद हाईकोर्ट

**प्रयागराज, 29 जनवरी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक फैसले में कहा कि दो हिंदुओं के बीच विवाह एक पवित्र बंधन है, जिसे विवाह के साल भर के भीतर नहीं तोड़ा जा सकता फिर चाहे इसके लिए दोनों पक्ष पारस्परिक रूप से सहमत ही क्यों न हों। अदालत ने कहा कि जब तक असाधारण मुश्किल या असाधारण अनैतिकता ना हो



जैसा कि हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 14 में वर्णित है, विवाह को भंग नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति डी. रमेश की पीठ ने यह निर्णय देते हुए कहा कि तलाक के लिए अर्जी दाखिल करने के संबंध में धारा 14 में विवाह की तिथि से एक साल की समय सीमा की व्यवस्था है हालांकि असाधारण मुश्किल या अनैतिकता के मामले में इस तरह की याचिका पर विचार किया जा सकता है।

## जम्मू-कश्मीर के लोग पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करते रहेंगे: उमर अब्दुल्ला

**कश्मीर, 29 जनवरी।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करते रहेंगे। हजरतबल इलाके में नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि अनुच्छेद 370 का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर और उसके लोगों की पहचान की हिफाजत करना था।अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधानों को केंद्र ने 2019 में समाप्त कर दिया था। अब्दुल्ला ने कहा, हम इसका



(राज्य का दर्जा बहाल करने का) इंतजार कर रहे हैं। जो लोग ऐसा करने में देरी कर रहे हैं, उनसे पूछिए। हम पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करते रहेंगे और अल्लाह से हमारी हिफाजत की प्रार्थना करेंगे।अब्दुल्ला ने पिछले बयान में कहा था कि अनुच्छेद 370 डोगरा समुदाय की हिफाजत के लिए था। इस बयान के बारे में पूछे जाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 का संवैधानिक प्रावधान जम्मू-कश्मीर में सभी की हिफाजत के लिए था।उन्होंने कहा, यह जम्मू-कश्मीर की हिफाजत के लिए था, यह वहां के लोगों की पहचान के बारे में था। चाहे वो डोगरा हों, लद्दाखी हों या जम्मू-कश्मीर के लोग, यह सभी के लिए था न कि केवल किसी एक के लिए। मुख्यमंत्री ने कहा, जब कश्मीर के महाराजा ने कानून बनाया तो वह हमारे रोजगार की हिफाजत करना चाहते थे ।

## मौनी अमावस्या पर 7 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई डूबकी





- अब तक 19.94 करोड कर चुके है संगम स्नान
- सभी 13 अखाड़ों ने सादगी के साथ त्रिवेणी में लगाई पुण्य डुबकी

**सुरेश गांधी**

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ का दूसरा अमृत स्नान पर्व बुधवार को संपन्न हो गया। प्रशासन के मुताबिक मौनी अमृत स्नान पर्व पर 6.99 करोड श्रद्धालुओ ने संगम में डुबकी लगाई. इस तरह महाकुम्भ के 16वें दिन 19.94 करोड श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके है. उधर हादसे के बाद अखाड़ों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए पहले श्रद्धालुओं को अमृत स्नान करने का अवसर दिया और बाद में सांकेतिक रूप से अमृत स्नान किया।

प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर्व पर शाम 6 बजे तक करोड़ों लोगों ने पुण्य की डुबकी लगाई। महाकुम्भ में घटी घटना के बाद अखाड़ों के संतों ने संवेदनशीलता दिखाई। यह पहला मौका था जब साधु-संतों, नागा संन्यासी और अखाड़ों ने संगम में ऐतिहासिक प्रथम स्नान की प्रतिज्ञा तोड़ दी। परिस्थिति को देखते हुए अखाड़ों ने अपने ब्रह्म मुहूर्त के अमृत स्नान को स्थगित कर दिया और श्रद्धालुओं को पहले स्नान का अवसर दिया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी का कहना है कि सर्व सम्मति से सभी अखाड़ों ने निर्णय लिया कि हालात को देखते हुए पहले श्रद्धालुओं को अमृत स्नान का अवसर दिया जाय। स्थिति सामान्य होने पर अखाड़ों ने अपनी भव्य अमृत स्नान की परम्परा का त्याग कर दिया और सांकेतिक रूप से स्नान कर परम्परा का निर्वहन किया।

प्रयागराज महाकुम्भ के दूसरे अमृत स्नान में मौनी अमावस्या पर देश के तीन पीठों के शंकराचार्यों ने भी त्रिवेणी के संगम में डुबकी लगाई। शंकराचार्य ने श्रद्धालुओं से संयम बनाए रखने की अपील की। श्रृंगेरी शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी विधु शेखर भारती जी, द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी और ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने मौनी अमावस्या अमृत स्नान पर्व पर त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगाई।

तीनों पीठ के शंकराचार्य मोटर बोट के माध्यम से त्रिवेणी संगम पहुंचे, जहां पूरे धार्मिक विधि विधान से तीनों ने पुण्य की डुबकी लगाई और देश की जनता के कल्याण के लिए आशीष दिया।

अरुणोदय सर्जिकल एण्ड ट्रामा सेन्टर
ARUNODAYA Surgical & Trauma Center

जनरल सर्जरी
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आर्थोपेडिक (सर्जरी एवं परामर्श)
कीमोथिरैपी सुविधा उपलब्ध
न्यूरो सर्जरी (परामर्श एवं सर्जरी)
वेन्टिलेटर एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षित डाक्टर स्टाफ तथा सभी मानकों पर खरा उतरने वाला जनपद का एक मात्र हास्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी
जनरल मेडिसिन, मधुमेह रोग
गुर्दा एवं मूत्र रोग (सर्जरी एवं परामर्श)
गैस्ट्रोइन्टरोलॉजी (इण्डोस्कोपी एवं कालोनोस्कोपी)
एक्सीडेण्टल एवं ट्रामा इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध
डा. अरूण आर. सिंह
कन्सल्टेन्ट लैप्रोस्कोपिक सर्जन
एस.एम.ओ.) एल.टी.एम.एम. जी. एच. (सायन हॉस्पिटल मुम्बई)
स.आर.) एम. जी.एम. मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल (नवी मुम्बई)
रजि.नं.-82945 (यू.पी.एम.सी.)
डा0 पुनीत सिंह
M.S.M.C.H.
गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ (यूरो सर्जन)
डा0 रवि प्रकाश सिंह
M.S. (Ortho)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा0 प्रभात सिंह
M.D.( Medicine)
कंसल्टेंट फिजिशियन
डा0 सुमित कुमार सिंह
M.D.( Neuro Psychiatrist)
मानसिक रोग विशेषज्ञ
24/7 Emergency Services
बीमा कार्ड धारकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं
8090966086,8090015086
कलीचाबाद, जौनपुर

SALVATION HOSPITAL
साल्वेशन हॉस्पिटल
A Unit of Salvation Foundation trust, Kandharpur, Jaunpur
The Culture of Care


पंडित दीनदयाल उपाध्याय
राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना संबद्ध अस्पताल
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पताल
प्रदेश के लगभग 6 करोड़ लोगों के लिए 5 लाख रुपये तक के इलाज पूरी तरह से निःशुल्क
24 घंटे भर्ती की सुविधा
आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी
डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव
B.A.M.S.
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
डॉ. विवेक श्रीवास्तव
M.D. (Physician, F.G.O.
(APOLO HOSPITAL) P.G.D.S.
Member of Indian Medical
Association UPMCI Rg. No. 95653
नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।
कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर 9138828282, 8686867547

# जलवायु परिवर्तन से बच्चों का जीवन संकट में



-ललित गर्ग

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट ह्यलर्निंग इंटरप्टेड रू ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024ह्ल में चौंकाने वाले तथ्यों एवं खुलासे ने बच्चों को लेकर चिन्ता को बढ़ा दिया है। अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आते रहे हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन का बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य विषयक ऐसा संवेदनशील अध्ययन पहली बार सामने आया है, जिसने जहां नीति-निमार्ताओं और शिक्षाविदों को चिन्ता में डाला है वहीं अभिभावकों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। सरकार पर भी दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले घातक असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां बनाये एवं उन्हें तत्परता से लागू करें। इस रिपोर्ट के अनुसार गत वर्ष सिर्फ भारत में लगभग पांच करोड़ छात्र लू एवं अत्यधिक गर्मी के कारण प्रभावित हुए। जलवायु परिवर्तन सिर्फ हमारे पर्यावरण पर ही असर नहीं डाल रहा है बल्कि बच्चों की शिक्षा पर भी गहरा और खतरनाक असर डाल रहा है। ओस्लो विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान की पोस्ट डॉक्टरल फेलो डॉ केटलिन एम प्रेंटिस और उनके सहयोगियों ने इस बारे में विस्तृत अध्ययन किया है। ह्यनेचर क्लाइमेट चेंजह्ल पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार दक्षिण एशिया, खासकर भारत, बांग्लादेश और कंबोडिया जैसे देशों में अप्रैल महीने में गरम हवा की लहरों (हीटवेव) ने शिक्षा व्यवस्था को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया। जलवायु परिवर्तन के लिहाज से भारत को बेहद संवेदनशील देश करार दिया गया। वर्ष 2024 में दुनिया के 85 देशों में 24.2 करोड़ बच्चों की पढ़ाई चरम मौसम के कारण बाधित हुई। इसका अर्थ यह है कि वर्ष 2024 में दुनिया भर के स्कूल जाने वाले हर सात बच्चों में से एक बच्चा मौसमी बाधाओं के कारण कभी न कभी स्कूल नहीं जा सका। शोध के अनुसार बढ़ती गर्मी एवं गर्म दिनों की अधिक संख्या ने न केवल बच्चों के स्वास्थ्य को बल्कि परीक्षा परिणामों को खराब किया। मौसमी बाधाओं का असर बच्चों की शिक्षा पर लंबे समय तक रहता है। यूनिसेफ ने अपनी रिपोर्ट में चेताया है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन ऐसे ही जारी रहा, तो वर्ष 2050 तक बच्चों के गरम हवाओं के संपर्क में आने की संभावना आठ गुनी बढ़ जाएगी। सार्वभौमिक तापमान में लगातार होती इस वृद्धि के कारण विश्व के पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा एवं विश्व के शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम जलवायु परिवर्तन से जुड़े बच्चों के संकट से निपट सकेंगे अन्यथा यह विश्व के बच्चों के प्रति बड़ा अपराध होगा, उनके विनाश का कारण बनेगा।

ग्लोबल वार्मिंग के खतरों ने दुनिया को चिन्ता में डाला है, इसने भारतीय जनजीवन, पर्यावरण, जीवजंतु, एवं कृषि के दरवाजे पर ऐसी दस्तक दी है, जो न केवल चिन्ताजनक है बल्कि अनेक खतरों की टंकार है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, पीने के शुद्ध पानी के स्त्रोत सूखने लगे है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। गत वर्ष भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी थी कि वर्ष 2024 में भारत में गर्मी के सारे पुराने रिकॉर्ड टूट गये थे। यह वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म साल के तौर पर दर्ज हुआ था। यूनिसेफ ने स्पष्ट किया है कि जलवायु संकट न केवल बच्चों की शिक्षा, बल्कि उनके पूरे भविष्य को खतरे में डाल रहा है। यदि इस संकट से निपटने के लिए तत्काल प्रभावी एवं जरूरी कदम नहीं उठाये गये, तो इसके बुरे असर को लंबे समय तक महसूस किया जाएगा और नयी पीढ़ी का जीवन अनेक खतरों से घिर जायेगा। अब जरूरी हो गया है कि सरकार शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए ठोस रणनीतियां बनाने को आगे आये।

जलवायु परिवर्तन से बच्चों की शिक्षा ही नहीं, बल्कि अन्य कई तरह के प्रभाव पड़ते हैं। जलवायु परिवर्तन से बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, और शिक्षा प्रभावित होती है। विशेषतः गर्मी से होने वाली बीमारियां और मौतों का खतरा बढ़ता है और हैजा, मलेरिया, डेंगू, और जीका जैसी बीमारियां खतरनाक तरीके से जीवन को घेरती है। गर्भावस्था के दौरान अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने से जन्म के समय कम वजन के बच्चे पैदा होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। पर्यावरण विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने का खतरा बढ़ता है। अत्यधिक गर्मी की वजह से होने वाली आपदाओं में मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है और अवसाद, चिंता, नींद संबंधी विकार और सीखने की कठिनाइयां उग्रतर हो जाती है। इन्हीं सब कारणों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है एवं परीक्षा परिणाम अपेक्षानुसार नहीं आ पाते हैं। बच्चे वयस्कों की तुलना में जलवायु और पर्यावरणीय झटकों के प्रति शारीरिक और शारीरिक रूप से अधिक संवेदनशील होते हैं। वे बाढ़, सूखा, तूफान और गर्मी जैसी चरम मौसम की मार झेलने और उससे बचने में कम सक्षम होते हैं। बच्चों को जलवायु परिवर्तन का सर्वाधिक खामियाजा उठाना पड़ता हैं क्योंकि यह उनके अस्तित्व, संरक्षण, विकास और भागीदारी के मौलिक अधिकारों को प्रभावित करता है।

बच्चों पर जलवायु परिवर्तन के अन्य संभावित प्रभाव पड़ते हैं, जैसे- अनाथ, तस्करी, बाल श्रम, शिक्षा और विकास के अवसरों की हानि, परिवार से अलग होना, बेघर होना, भीख मांगना, आघात, भावनात्मक व्यवधान, बीमारियाँ आदि हैं। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। ग्लोबल वार्मिंग के भयावह संकट को नियंत्रित करना सबसे बड़ी चुनौती है। चिन्ताजनक तथ्य यह भी है कि यदि देश-दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के नियंत्रण के लिये वैश्विक सहमति शीघ्र नहीं बनती तो आने वाले वर्षों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाहपूर्ण रवैया भी विडम्बनापूर्ण है। दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या जितनी गंभीर होती जा रही है, इससे निपटने के गंभीर प्रयासों का उतना ही अभाव महसूस हो रहा है। जलवायु परिवर्तन से पिछले एक साल में दुनिया में हालात ज्यादा गंभीर हुए है, बिगड़े हैं। दरअसल कार्बन उत्सर्जन घटाने एवं जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर अमीर देशों ने जैसा रुख अपनाया हुआ है, वह इस संकट को गहराने वाला है। जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। अभी भी नहीं चेते तो यह समस्या हर देश, हर घर एवं हर व्यक्ति के जीवन पर अंधेरा बनकर सामने आयेगी। विशेषतः बच्चों के बचपन पर इससे गहरे धुंधलके छाने वाले हैं। वैज्ञानिक और पर्यावरणविद चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले दशकों में वैश्विक तापमान और बढ़ेगा इसलिए अगर दुनिया अब भी नहीं सर्तक होगी तो इक्कीसवीं सदी के बच्चों को भयानक आपदाओं से कोई नहीं बचा पाएगा। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते घातक परिणाम को नियंत्रित करने के लिये भारत सरकार को जागना होगा एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे। विशेषतः अनुकूलित और संवेदनशील सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों का मापन करना जैसे- गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिये अनुदान प्रदान करना, बच्चों और उनके परिवारों पर जलवायु परिवर्तन द्वारा पड़ने वाले प्रभावों की पहचान करना है। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से पीड़ित देशों को बाल अधिकारों पर सम्मेलन में अपनी प्रतिबद्धता बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि प्रत्येक बच्चे को गरीबी से संरक्षित किया जा सके, उदाहरण के लिये बच्चों के जीवन को बेहतर और लचीलापन बनाने के लिये सार्वभौमिक बाल लाभयोजनाओ को क्रियान्वित करना होगा। निस्संदेह, यह अध्ययन देश के नीति-नियंताओं को चेताता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये शिक्षा ही नहीं स्वास्थ्य आदि अन्य क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर काम करने की जरूरत है। शिक्षाविदों के साथ ही चिकित्सा बिरादरी के लोगों को भी इस ज्वलंत मुद्दे पर मंथन करने की जरूरत है। इसके अलावा देश में जलवायु परिवर्तन प्रभावों का हमारे जन-जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के मूल्यांकन के लिये व्यापक अध्ययन व शोध करने की जरूरत महसूस की जा रही है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो इसके प्रभाव दीर्घकालीन हो सकते हैं। (उत्तरशक्ति न्यूज नेटवर्क)

# क्या गलत है समान नागरिक संहिता की अवधारणा में?



अशोक भाटिया

समान नागरिक संहिता की अवधारणा में कुछ भी गलत नहीं है। भाजपा शासित राज्य उत्तराखंड ने इसे लागू किया और इस तरह का समान कानून लाने वाला दूसरा राज्य बन गया। गोवा में पुर्तगाली शासन के समय से ही ऐसा कानून है, जबकि उत्तराखंड आजादी के बाद से इस तरह के कानून को लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है। लेकिन गोमांतक में समान नागरिक संहिता में हमारे किसी भी राजनीतिक दल का हाथ नहीं है। यह पुर्तगालियों का उपहार है। यदि आप उस राज्य में समान नागरिक कानून की प्रशंसा करना चाहते हैं, तो आपको पुर्तगालियों के जाने के बाद भी इसे रहने देना होगा। अब उत्तराखंड में समान नागरिक कानून लागू किया जाएगा। समान आपराधिक दंड संहिता नागरिकों पर लागू होती है। यानी चाहे कोई अपराध किसी हिंदू व्यक्ति ने किया हो या मुसलमान ने या फिर किसी और ने। उसका परीक्षण गैर-धार्मिक तरीके से किया जाता है और यह इस बात से शासित नहीं होता है कि अपराधी किस धर्म से संबंधित है। अपराध, चाहे वह बहुत गंभीर शारीरिक चोट हो, आदि या वित्तीय। सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार किया जाता है। हमने लगातार मांग की है कि यह आपराधिक मामलों के साथ-साथ नागरिकों के नागरिक मामलों पर भी लागू होता है। समान नागरिक संहिता का मुद्दा लंबे समय से संघ परिवार के एजेंडे में रहा है, जो केंद्र और उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार की विचारधारा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने भी ट्रिपल तालक की प्रथा को अवैध घोषित करके इस दिशा में एक कदम उठाया है और इसका विभिन्न वर्गों से स्वागत किया गया है। हालांकि, कई लोग धार्मिक ध्रुवीकरण के लिए इस मुद्दे का उपयोग कर रहे हैं, और एक विविध महाद्वीपीय देश में, सभी को सीधे एक कानून से बांधना एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है, और इस बात पर कई आपत्तियां हैं कि क्या राज्यों के पास ऐसा कानून बनाने का अधिकार है।

इसमें कोई शक नहीं कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह फैसला लेकर अपनी सोच बदली है। हालांकि सरकार की यह जिद कि वह कुछ भी अच्छा करते हुए आधा-अधूरा काम करे, उत्तराखंड के इस फैसले में भी झलकता है। इस पर टिप्पणी करने से पहले, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि समान नागरिक संहिता विवाह समारोहों, संपत्ति के हस्तांतरण या देश के सभी नागरिकों की विरासत पर लागू होनी चाहिए। इसका मतलब यह है कि एक बार अधिनियम लागू होने के बाद, उत्तराखंड में सभी विवाह और पारिवारिक संपत्ति का हस्तांतरण इस कानून के तहत किया जाना चाहिए। लेकिन इस मुद्दे पर, कानून मिट्टी खा जाता है।

क्योंकि उस राज्य में इस तरह की समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद भी सभी नागरिक उसके नियंत्रण में नहीं आएंगे। राज्य की सभी अनुसूचित जनजातियों को इस अधिनियम से बाहर रखा गया है। इस मूर्खता का कारण क्या है? यदि किसी व्यक्ति को सिर्फ इसलिए अलग से आयकर लाभ नहीं दिया जाता है क्योंकि वह किसी जाति/जनजाति से संबंधित है, तो कुछ जातियों/जनजातियों को अलग करने का क्या कारण है? इस सवाल का ईमानदार जवाब उन जातियों/जनजातियों के सांस्कृतिक इतिहास में छिपा है, जिनमें सरकार हस्तक्षेप नहीं करना चाहती। यदि वह ऐसा करती है, तो इससे राजनीतिक क्रोध पैदा होने का खतरा है। इसका मतलब है कि कानून एक अपवाद के साथ शुरू होगा, और यह उन लोगों पर लागू नहीं होगा जो इन राज्यों से दूसरे राज्यों में चले गए हैं। क्यों? क्यों? यदि धार्मिक अनुष्ठानों का पालन किया जाता है तो एक हिंदू हिंदू विवाह कानून से बाध्य हो सकता है। किसी भी राज्य में क्यों नहीं। उत्तराखंड एक अपवाद बनाता है। यह अधिनियम की संभावित प्रभावशीलता के लिए एक और झटका है। पांचवां यह है कि कानून एक निश्चित तिथि के बाद विवाह पर लागू होगा। यह ठीक है। लेकिन क्या होगा अगर उत्तराखंडी दंपति इसके लागू होने के बाद पलायन कर जाए? या उत्तराखंड पुलिस कानून का उल्लंघन होने पर अपने नागरिक पति और पत्नी को विदेश से निर्वासित कर देगी?

इसके अलावा, नामहीन और उच्च स्तर की उदासीनता 'लिव-इन' मोड में रहने वालों के बारे में है। हाल ही में, उच्च शिक्षा और जीवन स्तर के बढ़ते महंगे स्तर के कारण, कई युवा बिना शादी किए एक साथ रहते हैं। सरकार को अपनी खिड़की से देखने की आवश्यकता क्यों है कि वे एक साथ कैसे रहते हैं यदि वे दोनों अच्छे हैं? उन्हें यह अधिकार किसने दिया? उस राज्य के 'लाइव इनोत्सुक' जोड़ों को अब अपने एसोसिएशन को पहले से पंजीकृत करने के लिए सरकारी अदालत, यहां तक कि पुलिस स्टेशन भी जाना होगा। इतना ही नहीं, बल्कि पुलिस से मंजूरी भी लें। 21वीं सदी में इसका सुझाव दिया जा सकता है और सरकारी स्तर पर लागू किया जा सकता है। ऐसा करने के बजाय, अगर ये 'लाइव इनोटसक्स' राज्य छोड़ देते हैं तो सरकार क्या करेगी? मान लीजिए कि पुलिस इस तरह की अनुमति से इनकार करती है और फिर भी एक साथ रहती है और एक-दूसरे के खिलाफ कोई शिकायत नहीं है, अगर उनके माता-पिता के साथ उनका रिश्ता स्वीकार्य है, तो क्या सदरहू पुलिस कलाई पर बैठेगी? यह कानून बलात्कार के सबसे जघन्य अपराध के बारे में क्या करता है, जिसे राज्य और उसके संचालकों को अभी भी 15 वीं या 16 वीं शताब्दी में रहना चाहिए झ बुद्धिमानी और दिमाग दोनों में झ यह दशार्ता है कि यदि कोई पुरुष किसी विदेशी महिला का यौन उत्पीड़न करता है, तो उसकी पत्नी ऐसे पुरुष से तलाक मांग सकती है। अर्थात, यदि कोई महिला अपने पति पर इस तरह के बलात्कार का आरोप लगाती है, तो यह तलाक का कारण नहीं हो सकता है। यानी समान नागरिक संहिता इस मुद्दे का उल्लंघन है। एक और मोड़ है। ये धामी इसका कितना आकलन करते हैं, यह जानना मुश्किल है, लेकिन क्या उत्तराखंड सरकार को पता है कि समान नागरिक संहिता का असली और बड़ा विरोध केवल हिंदुओं से ही हो सकता है? क्योंकि वर्तमान में राष्ट्रव्यापी 'समान नागरिक संहिता' लागू होने के बाद केवल हिंदुओं को 'अविभाजित परिवार' कहने और आय अर्जित करने की सुविधा और इसलिए कम करों को समाप्त किया जा सकता है। वर्तमान में हिंदू, सिख और जैन को इसे 'हिंदू अविभाजित परिवार' कहने का अधिकार है।कर योग्य को एक वैध इकाई माना जाता है और इसे एक अलग पैन कार्ड भी दिया जाता है। ऐसा हिंदू अविभाजित परिवार तब कर योग्य आय से कुछ उल्लेखनीय कटौती पर भरोसा कर सकता है। इन सभी अविभाजित परिवारों के समान अधिकार हैं और सभी समान टैक्स ब्रेक का आनंद ले सकते हैं। इस मुद्दे का विस्तार से उल्लेख किया गया था क्योंकि एक बार देश भर में 'समान नागरिक संहिता' लागू हो जाने के बाद, हिंदू अमीरों की इस अलग परिवार तक पहुंच नहीं होगी। सिर्फ धार्मिक घृणा के लिए झ यानी, यह जुनून कि मुसलमानों की चार 'पत्नियां' हो सकती हैं झ 'समान नागरिक संहिता' को आगे बढ़ाने वाले कई वक्ताओं को यह भी अध्ययन करना चाहिए कि उनके कितने हिंदू भाई खुद को 'अविभाजित परिवार' कहकर करों को बचाते हैं।

उत्तराखंड में इन 'हिंदू अविभाजित परिवारों' का क्या होगा, इसका कोई जवाब नहीं है। सवाल यह है कि क्या 'हिंदू अविभाजित परिवारों' को इस पूजा की भूमि में एक वैध इकाई माना जाएगा। वर्तमान में, एक ही राज्य में इस कानून को लाते समय, राज्य सरकारों को अधिनियम के दायरे से कई लोगों को बाहर करना पड़ता था। यदि इस कानून को राष्ट्रीय स्तर पर लाया जाना है, तो आदिवासियों से पारसियों तक कई लोगों को इससे छूट देनी होगी। इन प्रावधानों को अदालती चुनौतियों से पार पाना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों का उनके उद्देश्यों के प्रति सच्चे रहकर उल्लंघन न किया जाए, और यह कि अधिकारी शासन और नैतिक पुलिसिंग को अनुचित बल न दिया जाए।

(उत्तरशक्ति न्यूज नेटवर्क)

# महाकुंभ से निखरा हिन्दुत्व और बढ़ा योगी की सियासी कद



-अजय कुमार

उत्तर प्रदेश आजकल महाकुंभमय हो रखा है। हर तरफ एक जैसा नजारा है। कोई महाकुंभ में डुबकी लगाकर अपने आप में धन्य महसूस कर रहा है तो कोई डुबकी लगाने के लिये आतुर है, जिसको जैसा मौका मिल रहा है वह उस हिसाब से संगम नगरी प्रयागराज की तरफ प्रस्थान कर रहा है। प्रयागराज में साधू-संतो का तो जमावाड़ा है ही यहा पहुंचनें वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा भी लगातार बढ़ता जा रहा है,जो श्रद्धालू महाकुंभ पहुंचते हैं वह वाराणसी में बाबा विश्वनाथ और अयोध्या में रामलला के दर्शन करने का भी पुण्य कमा लेने का मौका नहीं छोड़ते हैं। महाकुंभ के अंतिम स्नान तक प्रदेश की आबादी से दोगुना श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच चुके होंगे। यह विश्व रिकार्ड है,जो यदि कभी टूटेगा भी तो किसी कुंभ में ही टूटेगा। हाल यह है महाकुंभ की व्यवस्था देखने और इस आयोजन को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिये योगी सरकार और शासन-प्रशासन सब के सब एक पैर पर खड़े नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो महाकुंभ परिक्षेत्र में पत्ता भी हिलता है तो एलर्ट मोड में आ जाते हैं। योगी की तो पूरी की पूरी कैबिनेट ही प्रयागराज पहुंच जाती है। सबसे खास बात यह है कि जितने भी श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं,वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से अधिक मुख्यमंत्री की तारीफ कर रहे हैं,जिसके राजनैतिक निहितार्थ भी कम नहीं हैं। आज की तारीख में हिंदुत्व के नजरिये से योगी बीजेपी के सबसे लोकप्रिय नेता बन गये हैं। इस मामले में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी तक को पीछे छोड़ दिया है। सफल महाकुंभ में आग लगने की घटना और सबसे बड़े मौनी अमस्या के अमृत स्नान के दिन मची भगदड़ में करीब दस श्रद्धालुओं की मौत की घटना से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व्यथित भी दिखे,लेकिन जल्द ही सब कुछ सुचारू कर लिया गया और साधू संतों से लेकर आम श्रद्धालु तक आराम से स्नान करते दिखे।

महाकुंभ का मोह और इस दौरान संगम में डुबकी लगाने के लिये वह लोग तो व्याकुल हैं ही जो सनातन धर्म का पालन करते हैं,लेकिन इसके अलावा भी पूरी दुनिया से लोग महाकुंभ के आकर्षण में प्रयागराज खिचे चले आ रहे हैं। यह लोग सनातन के बारे में अधिक से अधिक जानने को व्याकुल हैं। सबसे खास बात यह है कि महाकुंभ की आस्था अखिलेश यादव जैसे उन नेताओं को भी यहां खींच लाई है जिनका योगी और बीजेपी से छत्तीस का आकड़ा रहता है,लेकिन इस मौके पर भी अखिलेश राजनीतिक बातें करने से नहीं चूके। उन्होंने कहा कि यह बड़ा आयोजन है। हमें याद है कि जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी, तब हमें कुंभ कराने का मौका मिला था। तब हमने कम संसाधन में इसे बेहतर तरीके से कराया था। यह बात तमाम स्टडी कहती हैं, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी भी कहती है।अपनी सरकार के समय सफल कुंभ का दावा करते हुए अखिलेश ने पूर्व नगर विकास मंत्री और 2013 में कुंभ के आयोजन की जिम्मेदारी संभालने वाले आजम खान की तारीफ भी की। अखिलेश ने कहा उन्होंने काफी सीमित संसाधनों के सहारे कुंभ का यादगार बनाया था। वहीं अखिलेश के संगम स्नान करने पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव देर आए दुरुस्त आए। हरिद्वार में गंगा स्नान और महाकुंभ स्नान के बाद उम्मीद है कि अब आस्था को चोट पहुंचाने वाले बयानों से बचेंगे। केशव ने कहा कि महाकुंभ की विशेषता अनेकता में एकता है। जो सपाई और कांग्रेसी अब भी महाकुंभ को लेकर मानसिक और दृष्टि दोष से ग्रसित हैं। वे इलाज कराएं या न कराएं पर महाकुंभ स्नान जरूर करें। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। ओपी राजभर ने कहा कि कल तक कुंभ की निंदा करने वाले लोग आज कुंभ में जा रहे हैं। यह संविधान की देन है।

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने तो महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद यहां की व्यवस्था को लेकर योगी सरकार पर हमला बोला वहीं कांग्रेस ने तो महाकुंभ पर ही प्रश्न चिंह खड़ा कर दिया। औसत प्रतिदिन जब महाकुंभ में करीब 95 लाख लोग आस्था की डुबकी लगा रहे हैं. तब प्रयागराज से 925 किमी दूर, मध्य प्रदेश के महू यानी संविधान निमार्ता डॉक्टर अंबेडकर की जन्मस्थली पर कांग्रेस की ह्यजय बापू, जय भीम, जय संविधान रैलीह्य में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यहां तक कह दिया,ह्यगंगा में डुबकी लगाने से क्या गरीबी दूर होती है, क्या भरपेट खाना मिलता है।ह्ल इस पर बुद्धीजीवियों का कहना है कि कांग्रेस को न तो हिन्दू धर्म रास आता है न यही दिखता है कि महाकुंभ से कैसे रोजगारों का सृजन हो रहा है। ऐसा लगता है कि गैर बीजेपी दलों के नेताओं को डर सता रहा है कि महाकुंभ के चलते कहीं उनकी हिन्दुओं को बांटों और राज करो वाली मुहिम को झटका नहीं लग जाये। महापुरूषों की जन्मस्थली प्रयागराज में आजकल सिर्फ और सिर्फ हिन्दुत्व ही नजर आ रहा है। यहां न कोई अगड़ा है और न कोई पिछड़ा या दलित।

बात खड़गे के महाकुंभ से लोगों के पेट नहीं भरने वाले बयान की कि जाये तो इसका जबाव सीएम योगी आदित्यनाथ से बेहतर कौन दे सकता है,जबकि योगी पहले ही कह चुके हैं कि एक पर्यटक या श्रद्धालु जब यूपी आता है तो ट्रेन, बस, टैक्सी या प्लेन का उपयोग करता है। होटल, टेंट या धर्मशाला में रुकता है। होटल, रेस्टोरेंट या ढाबे पर खाना खाता है, कुछ खरीदारी भी करता है। इस तरह वह औसतन पांच हजार रुपये खर्च करता है। प्रयागराज महाकुंभ मेला में 40 करोड़ लोगों के आने का अनुमान है। ऐसे में देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अकेले महाकुंभ दो लाख करोड़ रुपये का योगदान देगा। महाकुंभ आस्था, आधुनिकता और स्वच्छता का मॉडल बनेगा।

खैर, बात बीजेपी के भीतर की कि जाये तो महाकुंभ का भव्य आयोजन करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीजेपी के सबसे बड़े हिन्दुत्व वाले पोस्टर मैन बन गये हैं। योगी के खिलाफ पार्टी के अंदर यदाकदा जो विरोध के स्वर सुनाई पड़ते थे,वह भी फिलहाल ठंडे पड़ गये हैं। योगी की जो तस्वीर उभर रही है उसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि 2017 वाले योगी जी 2025 में काफी बदल चुके हैं। 2017 में भले ही योगी को मोदी और शाह की मेहरबानी से सीएम की कुर्सी पर बैठाया गया था,लेकिन अब योगी को ह्यहाथह्ल लगाना किसी के बस की बात नहीं है। 2017 के विधान सभा चुनाव से पूर्व तक जो बीजेपी के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य मुख्यमंत्री पद के सबसे बड़े दावेदार थे,वह अब योगी से काफी पीछे खिसक गये हैं। केशव ने भी देर से ही सही (2022 के विधान सभा चुनाव के बाद) योगी को अपना नेता मान लिया है। अब वह विरोध की भाषा नहीं बोलते हैं। 2027 के यूपी विधान सभा चुनाव भी संभवता योगी के नेतृत्व में ही लड़ा जायेगा। ऐसा इसलिये भी है क्योंकि आज भी योगी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पहली पसंद हैं।कुछ लोग तो 2029 के आम चुनाव में योगी को पीएम के फेस के रूप में भी देख रहे हैं। यही योगी की सियासी पूंजी है। मोदी कैबिनेट के दिग्गज मंत्री भी महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद कसीदे पढ़ते नजर आये। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह,गृह मंत्री अमित शाह महाकुंभ में सपरिवार स्नान कर चुके हैं। दस फरवरी को राष्ट्रपति और पांच फरवरी को प्रधानमंत्री के महाकुंभ आने का प्रोग्राम है।

(उत्तरशक्ति न्यूज नेटवर्क)

# दुर्व्यवहार का शिकार बच्चे की मदद कैसे करें



बाल शोषण एक गंभीर मुद्दा है जिससे बच्चे के शारीरिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक कल्याण पर विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। अनुचित व्यवहार के संकेतों के प्रति जागरूक रहना और उचित प्रतिक्रिया देने का तरीका जानना महत्वपूर्ण है। दुर्व्यवहार के प्रकारों को समझकर, चेतावनी संकेतों को पहचानकर और कार्रवाई करके, हम बच्चों की सुरक्षा में मदद कर सकते हैं और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान कर सकते हैं।

बाल शोषण के प्रकार

बाल शोषण कई रूप ले सकता है, जिनमें शामिल हैं:

* शारीरिक दुर्व्यवहार: इसमें बच्चे को जानबूझकर चोट पहुंचाना शामिल है, जैसे मारना, लात मारना, काटना, जलाना या हिलाना।

* यौन दुर्व्यवहार: इसमें बच्चे के साथ कोई भी यौन कृत्य शामिल है, जिसमें यौन स्पर्श, यौन हमला या यौन कृत्यों का प्रदर्शन शामिल है।

* भावनात्मक दुर्व्यवहार: इसमें बच्चे के साथ लगातार भावनात्मक दुर्व्यवहार या मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार शामिल है, जैसे चिल्लाना, नाम-पुकारना, शर्मिंदा करना या धमकी देना।

* उपेक्षा: इसमें बच्चे को भोजन, कपड़े, आश्रय, चिकित्सा देखभाल या पर्यवेक्षण जैसी बुनियादी जरूरतें प्रदान करने में विफलता शामिल है।

चेतावनी के संकेतों को पहचानना

* बाल दुर्व्यवहार के शारीरिक और व्यवहारिक, दोनों लक्षणों के प्रति जागरूक होना महत्वपूर्ण है। कुछ सामान्य चेतावनी संकेतों में शामिल हैं:




* शारीरिक लक्षण:

-अस्पष्ट चोटें, जैसे खरोंच, जलन, कटना, या टूटी हुई हड्डियाँ

-विशिष्ट लोगों या स्थानों का डर

-व्यवहार या मनोदशा में अचानक परिवर्तन

- शारीरिक संपर्क से बचना

-खराब स्वच्छता

- चलने या बैठने में कठिनाई

-स्कूल से बार-बार अनुपस्थित रहना

* व्यवहार संबंधी संकेतः

-पीछे हटना या उदास व्यवहार

- आक्रामक या विघटनकारी व्यवहार

- ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई

- बुरे सपने आना या सोने में परेशानी होना

- घर जाने का डर

- भूख या वजन में अचानक परिवर्तन

- मादक द्रव्यों का सेवन

- आत्मघाती विचार या प्रयास

अनुचित व्यवहार से पीड़ित बच्चे की मदद कैसे करें!

यदि आपको संदेह है कि किसी बच्चे के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, तो कार्रवाई करना महत्वपूर्ण है। यहां कुछ कदम दिए गए हैं जो आप उठा सकते हैं:

1. बच्चे पर विश्वास करें: जो बच्चे दुर्व्यवहार का खुलासा करते हैं वे अक्सर शर्मिंदा या शर्मिंदगी महसूस करते हैं। उन पर विश्वास करना और उन्हें आश्वस्त करना महत्वपूर्ण है कि वे दोषी नहीं हैं।

2. शांत रहें और सुनें: बच्चे के लिए अपने अनुभव साझा करने के लिए एक सुरक्षित और सहायक वातावरण बनाएं। अग्रणी प्रश्न पूछने या विवरण प्रदान करने के लिए उन पर दबाव डालने से बचें।

3. बच्चे को आश्वस्त करें: बच्चे को बताएं कि वे सुरक्षित हैं और आप मदद के लिए वहां हैं।

4. दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करें: संदिग्ध दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने के लिए अपनी स्थानीय बाल सुरक्षा सेवा एजेंसी से संपर्क करें। आप कानून प्रवर्तन या अन्य संबंधित प्राधिकारियों को भी दुर्व्यवहार की रिपोर्ट कर सकते हैं।

5. घटना का दस्तावेजीकरण करें: बच्चे के साथ हुई बातचीत का विवरण लिखें, जिसमें दुर्व्यवहार के बारे में कोई विशेष जानकारी भी शामिल हो।

6. बच्चे के लिए पेशेवर मदद लें: बच्चे को किसी चिकित्सक या परामर्शदाता से जोड़ें जो सहायता और मार्गदर्शन प्रदान कर सके।

याद रखें, जब आपको बाल शोषण का संदेह हो तो तुरंत और निर्णायक रूप से कार्रवाई करना महत्वपूर्ण है। संकेतों को पहचानकर और कार्रवाई करके, आप बच्चे की सुरक्षा करने और आगे होने वाले नुकसान को रोकने में मदद कर सकते हैं।

**- डॉ. नायरीन दारूवाला, स्नेहा मुंबई**

(उत्तरशक्ति न्यूज नेटवर्क)

# धार्मिक कट्टरता राष्ट्रीय विकास में बाधा

(उत्तरशक्ति न्यूज नेटवर्क)



धार्मिक कट्टरता से तात्पर्य किसी के विश्वास के प्रति अत्यधिक और अडिग समर्पण से है, जो अक्सर अन्य विश्वासों के प्रति असहिष्णुता की ओर ले जाता है। यह भारत जैसे राष्ट्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियाँ प्रस्तुत करता है, जो अपनी विविधता पर पनपता है।

सबसे पहले, कट्टरता सामाजिक सद्भाव को बांधित करती है। यह विभाजन और घृणा को बढ़ावा देती है, सांप्रदायिक तनाव पैदा करती है जो हिंसा में बदल सकती है। इसके परिणामस्वरूप जानमाल की हानि होती है, संपत्ति का विनाश होता है और भय का माहौल बनता है। जिससे आर्थिक गतिविधियों और निवेश में बांधा आती है। दूसरा, यह शिक्षा को कमजोर करता है। कट्टरपंथी विचारधाराएँ अक्सर आधुनिक ज्ञान को अस्वीकार करती हैं और हठधर्मिता को बढ़ावा देती हैं। जिसके कारण युवा राष्ट्रीय प्रगति के लिए महत्वपूर्ण कौशल हासिल करने से वंचित रह जाते हैं। ऐसे उग्रवाद वाले क्षेत्रों में, साक्षरता दर और रोजगार के अवसर स्थिर हो जाते हैं। इसके अलावा कट्टरता नीति निर्माण में बांधा डालती है। सरकारों पर अक्सर सामूहिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय धार्मिक समूहों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने का दबाव होता है। धर्म का यह राजनीतिकरण बुनियादी ढाँचे, स्वास्थ्य सेवा और गरीबी उन्मूलन जैसी विकासात्मक प्राथमिकताओं से ध्यान भटकाता है। कट्टरता का प्रसार वैज्ञानिक नवाचार को भी हतोत्साहित करता है। धार्मिक अतिवाद पारंपरिक मान्यताओं को चुनौती देने वाले शोध का विरोध कर सकता है, जिससे प्रौद्योगिकी और चिकित्सा में प्रगति बाधित होती है।

अंत में, कट्टरता अंतरराष्ट्रीय संबंधों को प्रभावित करती है। यह देश की वैश्विक छवि को धूमिल करता है, विदेशी निवेश और सहयोग को हतोत्साहित करता है, जो आर्थिक विकास के लिए आवश्यक हैं। किसी देश के विकास के लिए एकता, सहिष्णुता और प्रगतिशीलता महत्वपूर्ण हैं। धार्मिक कट्टरता, विभाजन और परिवर्तन के प्रति प्रतिरोध को बढ़ावा देकर, इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण बांधा के रूप में कार्य करती है। शिक्षा, संवाद और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों पर जोर देने से इस चुनौती को दूर करने और समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करने में मदद मिल सकती है।

**-प्रोफेसर राम जन्म प्रजापति**

## केडीएमसी ने बिल्डर सलमान डोलारे पर दर्ज कराया मामला

**कल्याण।** अवैध निर्माण को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाले भवन निमार्ता सलमान डोलारे फिर एक बाद सुर्खियों में आ गए हैं। उनपर एमआरटीपी के तहत एक और मामला दर्ज हो गया है। कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका ने अवैध निर्माण को लेकर बाजारपेठ पुलिस स्टेशन में सलमान डोलारे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिससे डोलारे की मुश्किलें बढ़ गई है। बाजारपेठ थाने से मिली जानकारी के अनुसार कल्याण पश्चिम के अंसारी चौक में स्थित जेएम टावर में बिल्डर सलमान अंसारी ने तीन मंजिला अवैध तरीके से बनाया है। जिसे लेकर महापालिका ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बाजारपेठ पुलिस में मामला दर्ज हो चुका है। वहीं बिल्डर सलमान फरार बताया जा रहा है। आपको बतादें कि इससे पहले भी सलमान डोलारे पर कल्याण तहसीलदार की शिकायत पर एमआरटीपी के तहत मामला दर्ज कराया गया था, लेकिन उस मामले में सलमान की गिरफ्तारी नहीं हुई। अब देखना होगा कि इस मामले में पुलिस उसे गिरफ्तार करती है या नहीं।

## फिनहाट ने वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म 'फिनहाट वेल्थ' लॉन्च किया

**मुंबई।** वित्तीय सेवाओं की दुनिया में नई क्रांति लाने वाले प्लेटफॉर्म, फिनहाट ने अब वितरकों और उपयोगकर्ताओं के लिए अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म फिनहाट वेल्थ लॉन्च कर दिया है। इस कदम के साथ, कंपनी ने अपने वित्तीय सेवाओं के पोर्टफोलियो के विस्तार की मजबूत नींव रखी है। यह अनूठा प्लेटफॉर्म म्यूचुअल फंड और डिजिटल गोल्ड जैसी सुविधाएं प्रदान करेगा, और इसका लक्ष्य पहले ही साल में 2,000 डिस्ट्रिब्यूटर्स को इस प्लेटफॉर्म से जोड़ना है। डिस्ट्रिब्यूट बनने की प्रक्रिया को सहज और सरल बनाने के लिए, फिनहाट वेल्थ ने केवाईसी, ऑनबोर्डिंग और रिडेम्प्शन जैसे चरणों को आसान और तेज बनाया है। फिनहाट के सह-संस्थापक और सीईओ विनोद सिंह ने कहा, ्रफिनहाट वेल्थ के माध्यम से, हमारा लक्ष्य एक असिस्टेड डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार करना है, जो माइक्रो-आंत्रप्रेन्योर डिस्ट्रिब्यूटर्स के नेटवर्क को जोड़ते हुए एक सरल, सुलभ और विशेष रूप से डिजाइन किया गया वेल्थ मैनेजमेंट समाधान प्रदान करे। हम इस प्लेटफॉर्म के जरिए उन उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच को सुगम बनाना चाहते हैं, जो अब तक आम भारतीयों के पहुँच से दूर थे। फिनहाट वेल्थ न केवल वित्तीय सुरक्षा के एक नए युग की शुरूआत करेगा, बल्कि आम भारतीयों के वित्तीय सपनों को साकार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पिछले दो सालों में, फिनहाट ने अपने इंश्योरेंस प्लेटफॉर्म में,200 से अधिक साझेदार संस्थानों का प्रभावशाली डिस्ट्रिब्यूटर नेटवर्क तैयार किया है, जो भारत के 85% से अधिक पिन-कोड्स तक सेवाएं प्रदान करता है। इस नेटवर्क ने ग्रामीण और उप-नगरीय इलाकों में 60 लाख से अधिक पॉलिसियों को सफलतापूर्वक जारी किया है। अब फिनहाट इंश्योरेंस के अनुभवों से सीखते हुए महत्वाकांक्षी और उभरते भारत के लिए वेल्थ क्रिएशन के नए और प्रभावी तरीकों को अपनाकर व्यापक बदलाव लाने के लिए तैयार है। फिनहाट वेल्थ का उद्देश्य वेल्थ डिस्ट्रिब्यूटर्स के रूप में माइक्रो आंत्रप्रेन्योर्स का नया और सशक्त समूह तैयार करना है, और नए निवेशकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए एक समग्र और सहयोगी इकोसिस्टम का हिस्सा बनें।

## ऑडी इंडिया ने नई ऑडी RS Q8 परफॉर्मेंस के लिये बुकिंग्स शुरू कीं

**मुंबई।** जर्मनी की लक्जरी कार निमार्ता कंपनी, ऑडी ने आज से भारत में अपनी नई ऑडी RS Q8 परफॉर्मेंस के लिए बुकिंग शुरू कर दी है। यह एसयूवी ऑडी इंडिया की वेबसाइट या 'मायऑडी कनेक्ट' ऐप के जरिए 5 लाख रुपये की आरंभिक राशि पर बुक की जा सकती है। नई ऑडी RS Q8 परफॉर्मेंस में 640 एचपी का पावर और 850 एनएम का टॉर्क पैदा करने वाला दमदार 4.0L V8 TFSI इंजन दिया गया है। यह एसयूवी मात्र 3.6 सेकंड में 0 से 100 km/h की स्पीड पकड़ सकती है। इसके वैकल्पिक पैकेज के साथ इसकी अधिकतम गति 305 km/h तक पहुंच सकती है। ऑडी इंडिया के प्रमुख श्री बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, नई ऑडी RS Q8 परफॉर्मेंस एसयूवी एक बेहतरीन इंजीनियरिंग का नमूना है, जिसमें ताकत और रोजमर्रा की उपयोगिता का बेहतरीन संयोजन किया गया है। इसकी आकर्षक डिजाइन और शानदार ड्राइविंग खूबियां उन परफॉर्मेंस के शौकीनों को बहुत भाती हैं, जो लक्जरी के साथ-साथ रोमांचक ड्राइव का अनुभव भी चाहते हैं। इसके बेहतर फीचर्स और सबसे शक्तिशाली इंजन के साथ, नई ऑडी RS Q8 परफॉर्मेंस ड्राइविंग का एक अद्भुत अनुभव प्रदान करेगी। हमारे समझदार उपभोक्ता ऑडी फ्र रेंज के उत्पादों से ऐसे अनुभव की उम्मीद करते हैं। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बुकिंग शुरू हो चुकी है, और स्पोर्ट्स कारों के शौकिनों को अपनी कार जल्द से जल्द बुक करानी चाहिए, क्योंकि उपलब्धता सीमित है।

## गोदरेज एग्रोवेट ने आईसीएआर- सीआईएफई ICAR-CIFE के सहयोग से अर्गो रिड फिश लिस कंट्रोलर लॉन्च किया

**मुंबई/पटना।** गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड (गोदरेज एग्रोवेट) ने आज अर्गो रिड फिश लिस कंट्रोलर लॉन्च करने की घोषणा की। इसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)- सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज एजुकेशन के सहयोग से विकसित किया गया है। यह प्रोडक्ट मछलियों पर परजीवी के कारण हुए घावों (अर्गुलस स्पॉट) को ठीक करने में मदद करता है और उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाकर एक्वा फॉर्मर्स को मछलियों की बेहतर देखभाल करने में सक्षम बनाता है। अर्गुलस इन्फेक्शन लंबे समय से मछली पालन उद्योग के लिए समस्या बना हुआ है, जो भारत के लगभग 48% मछली पालन तालाबों को प्रभावित करता है और प्रति वर्ष अनुमानित 62.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान पहुंचाता है। अर्गो रिड इस चुनौती का समाधान लाया है। किसानों के हित के लिए आसान तरीके से उपयोग किए जाने वाले फॉमूर्लेशन के माध्यम से इस प्रोडक्ट को छोटे और बड़े व्यावसायिक मछली पालक किसानों द्वारा आसानी से अपनाया जा सकता है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए गोदरेज एग्रोवेट के प्रबंध निदेशक बलराम सिंह यादव ने कहा, गोदरेज एग्रोवेट में, हम शोध-आधारित समाधानों की पेशकश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो खेती की दक्षता को बढ़ाते हैं और किसानों के परिवारों को सशक्त बनाते हैं। 'ब्लू रेवोल्यूशन' में योगदान देने के अपने प्रयास में, हमें फिश फॉर्मर्स को एक भरोसेमंद, उपयोग में आसान और प्रभावी उपकरण प्रदान करने पर गर्व है, जो उद्योग की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक का समाधान करता है। आईसीएआर- सीआईएफई की तकनीकी विशेषज्ञता और हमारे वितरण नेटवर्क का लाभ उठाकर, हमें विश्वास है कि ऐसे सार्वजनिक-निजी साझेदारियां उद्योग में सार्थक प्रगति लाने और भारत के मत्स्य उद्योग को वैश्विक मानचित्र पर मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# मैदानी खेल स्थायित्व का काम जिला परिषद के विद्यार्थी कर रहे हैं : जि.प.अध्यक्ष प्रकाश निकम



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** आज के मोबाईल युग में शहर और ग्रामीण क्षेत्र के छात्र मोबाइल पर खेल खेलते हैं। उनका फील्ड गेम के साथ बहुत कम संबंध है। जबकि जिला परिषद विद्यालय के छात्र वास्तव में मैदानी खेल खेल रहे हैं। उक्त बातें जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निगम ने मंगलवार 28 जनवरी 2025 को जिला परिषद शिक्षा विभाग प्राथमिक द्वारा स.तू कदम विद्यालय मैदान पालघर में आयोजित खेल प्रतियोगिता के दौरान बोलते हुए कही। यह खेल प्रतियोगिता जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निगम की अध्यक्षता में मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे, उपाध्यक्ष शिक्षण समिति सभापति पंकज कोरे, बांधकाम व आरोग्य समिति सभापति संदेश ढोणे, शिक्षा अधिकारी प्राथमिक सोनाली मातेकर शिक्षा अधिकारी माध्यमिक संगीता भागवत, स.तू.कदम संस्था के वाघेश कदम की प्रमुख उपस्थिति में आयोजित की गई।मशाल जलाकर और खेल की शपथ के साथ प्रतियोगिता शुरू की गई। जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए 5% सीटें नौकरी में भी आरक्षित किया जाता है। जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम ने जिन तहसीलों में बच्चों को शिक्षा विभाग ने प्रतियोगिता की वर्दी और खेल के जूते नहीं दिए।उन शिक्षा विभागों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी और उपाध्यक्ष पंकज कोरे ने खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों की सराहना की। सोनाली मातेकर ने कार्यक्रम का प्रस्ताविक प्रस्तुत किया तथा स.तू.कदम विद्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष खिलाड़ियों के लिए मैदान व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु आभार व्यक्त किया।इन प्रतियोगिताओं में 850 छात्रों ने भाग लिया और 100 शिक्षकों ने उनके लिए योगदान दिया। सभी तहसील स्तरों के छात्रों ने लंगड़ी, 50 मीटर दौड़ने, 100 मीटर दौड़ने, खो खो, कबड्डी, 25 .4 रिले, लंबी कूद, शतरंज, संगीत कुर्सी आदि जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## महाराष्ट्र सरपंच हत्याकांड मामले में धनंजय मुंडे को इस्तीफा देना चाहिए : सुप्रिया सुले

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा कि बीड सरपंच हत्या मामले को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे धनंजय मुंडे को नैतिकता के आधार पर मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की जघन्य हत्या को 50 दिन बीत चुके हैं, लेकिन मुंडे के करीबी सहयोगी पर उंगलियां उठने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार से राकांपा मंत्री को बर्खास्त नहीं किया गया है। मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है। मुंडे वर्तमान में देवेंद्र फडणवीस नीत मंत्रिमंडल में खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग संभाल रहे हैं। पुलिस के अनुसार मासाजोग के सरपंच संतोष देशमुख को नौ दिसंबर को बीड जिले में एक ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली की कोशिश को रोकने का प्रयास करने को लेकर अगवा कर लिया गया, उन्हें प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। कराड को जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है और वह न्यायिक हिरासत में है। उन्होंने कहा, अनिल देशमुख ने 100 करोड़ रुपये की रिश्वत के आरोप लगने के बाद गृह मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। नवाब मलिक, छगन भुजबल को अफवाहों के आधार पर गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया।

## नितेश राणे ने बोर्ड परीक्षा को लेकर शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने शिक्षा मंत्री दादा भुसे को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि संभावित नकल की चिंताओं का हवाला देते हुए 10वीं और 12वीं राज्य बोर्ड परीक्षा केंद्रों में किसी को भी बुर्का पहनकर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार तुष्टिकरण की राजनीति बर्दाश्त नहीं करेगी। जो नियम हिंदू छात्रों पर लागू होते हैं, वही मुस्लिम छात्रों पर भी लागू होने चाहिए। जो लोग बुर्का या हिजाब पहनना चाहते हैं वे इसे अपने घरों में पहन सकते हैं लेकिन परीक्षा केंद्रों पर उन्हें अन्य छात्रों की तरह अपनी परीक्षा देनी होगी।

राणे ने कहा कि ऐसे मामले सामने आए हैं जहां छात्रों ने बुर्का पहना हुआ था, इसलिए धोखाधड़ी और नकल की घटनाएं सामने आई हैं। महाराष्ट्र में ये सब नहीं होना चाहिए, इसलिए मैंने संबंधित मंत्री को पत्र लिखा है। नितेश राणे के इस मांग पर विवाद बड़ सकता है। इससे पहले नितेश राणे ने केरल को मिनी पाकिस्तान करार दिया था और यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि सभी आतंकवादी गांधी परिवार को वोट देते हैं। राणे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी बहन व वायनाड से लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी वाद्रा पर हमला करते हुए ये आरोप लगाया। भाजपा नेता नितेश राणे ने आरोप लगाया, केरल मिनी पाकिस्तान है। आतंकवादियों ने (पहले) राहुल गांधी को वोट दिया और अब उनकी बहन प्रियंका गांधी को वोट दिया है। अपनी टिप्पणियों के लिए विपक्षी दलों की तीखी आलोचना का सामना कर रहे राणे ने सोमवार को कहा कि केरल भारत का हिस्सा है और वह दक्षिणी राज्य में हिंदुओं के धर्मांतरण और लव जिहाद का मुद्दा उठा रहे थे।

# वार्षिक स्नेह सम्मेलन व मेरिट अवार्ड कार्यक्रम संपन्न

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिला परिषद प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय कालीधोंड की ओर से वार्षिक पुनर्मिलन और योग्यता पुरस्कार बड़े उत्साह से मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत में श्री गणेश वंदना की गई। इस कार्यक्रम में कुल साठ गाने लिये गये। इन साठ गानों की योजना भाऊसाहेब शेटे , लक्ष्मी ठाकरे, नरसिंग सूर्यवंशी, किरण कुवरा, सुनीता इंगले, रूपेश घेगड़, अर्जुन शिंदे, संजय कोकतरे, योगिता बोंबाडे, जयश्री भोये, निखिल महाले विद्यार्थी, पल्लवी बोरसे ने बनाई है। बोरसे विद्यार्थी, मुक्ता कुरबुडे पालक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता भाऊसाहेब शेटे ने कहा कि वार्षिक स्नेह सम्मेलन छात्रों के जीवन में खुशी का क्षण है। ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों की कला, कौशल और नेतृत्व को



गुंजाइश मिलती है।

उनका मत था कि ये नेतृत्व गुण न केवल राजनीतिक क्षेत्र में बल्कि पेशेवर और शैक्षणिक क्षेत्र में भी उपयोगी हैं। कार्यक्रम का संचालन किरण कुवंरा ने किया। वहीं कार्यक्रम शुरू होने के दौरान नरसिंह सूर्यवंशी ने एक से साठ नृत्य प्रस्तुतियों का संचालन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीहरि बोरसे ने की।मुख्य अतिथि तौर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य ठाणे खरपड़े उपस्थित थे। खरपड़े ने भाषण में कहा कि हम ग्रामीणों ने सार्वजनिक चंदा एवं स्वयं के खर्च से सुबह हल्दी कुंकवा कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके बाद दोपहर में बच्चों व अभिभावकों के लिए वनभोज की व्यवस्था की गयी। खरपड़े ने इस विद्यालय से स्थानांतरित होकर आये तीन शिक्षकों में लता भोये, दर्शना मुकणे और रोहित कोली का अभिनंदन किया। इस अवसर पर सरपंच नीलेश भोये, उपसरपंच संजय भोये, ग्राम पंचायत सदस्य राजेश भोये, गंगू जोघारी शिक्षा विस्तार अधिकारी डांगे मैडम, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष सखाराम पवार, मनोज कामडी तालुका प्रबंधक पेसा पंचायत समिति जव्हार, केंद्र प्रमुख जगताप सर, काशीनाथ भोये, दिनेश भोये, कृष्णा मुर्मे, शांताराम ठाकरे, डॉ. शरद मुकाने, अमोल मोकाशी, हेडमास्टर मुकणे, मेदगे, के अलावा अभिभावक, स्कूल के छात्र, पूर्व छात्र, युवा वर्ग, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे। दिनेश भोये, काशीनाथ पांढरे संजय भोये द्वारा परीक्षण किया गया। पुरस्कार वितरित करते समय प्री-प्राइमरी, प्राइमरी और सेकेंडरी तीन ग्रुप बनाए गए। तीनों ग्रुपों को ग्रुप ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अर्जुन शिंदे ने सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## स्वच्छ मेरा आंगन अभियान के तहत उत्कृष्ट काम करने वाले परिवारों को किया गया सम्मानित

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा) और विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत व सार्वजनिक स्तर पर स्वच्छता सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इन स्वच्छता सुविधाओं के नियमित उपयोग और रखरखाव की आदत को मजबूत करने के उद्देश्य से 898 गांवों में ‡स्वच्छ मेरा आंगन‡ अभियान लागू किया गया। इनमें जो परिवार व्यक्तिगत शौचालय, अवशोषण या परसबाग, खाद उर्वरक गड्ढे और कचरा संग्रह के लिए ठोस अपशिष्ट और अपशिष्ट जल का प्रबंधन करने में कामयाब रहे। ऐसे परिवारों को गणतंत्र दिवस के मौके पर उत्कृष्ट परिवार सम्मान से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि स्वच्छ भारत




मिशन (ग्रा) का मुख्य उद्देश्य देश के सभी गांवों में स्वच्छता बनाए रखकर नागरिकों के स्वास्थ्य को बढ़ाना है। इसके लिए, सीवेज और ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन करने वाले परिवारों को प्रोत्साहन देने के लिए स्वच्छ मेरा आंगन अभियान को लागू किया गया था। पालघर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे द्वारा मिशन में सक्रिय भागीदारी के लिए अपील की गई थी। जिला जल और स्वच्छता विभाग के परियोजना के निदेशक अतुल पारसकर ने कहा कि गांव गांव में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा) के तहत बनाई गई स्वच्छता सुविधाओं का उपयोग करने के लिए नागरिकों के व्यवहार के परिवर्तन के लिए जागरूकता की जाती है।

## ऑफ-हाईवे टायर सेक्टर में एलायंस ने 70 साल पूरे किए

**मुंबई।** योकोहामा-एटीजी ग्रुप के प्रमुख ऑफ-हाईवे टायर ब्रांड एलायंस ने उद्योग में अपने 70 वर्षों की सफल यात्रा का जश्न मनाया। इस खास मौके को मनाने के लिए ब्रांड ने वैश्विक स्तर पर एक विशेष अभियान 'हमेशा आपके साथ' लॉन्च किया है। यह अभियान एलायंस और उसके ग्राहकों के बीच के मजबूत संबंधों को उजागर करता है और दिखाता है कि कैसे कई पीढ़ियों के किसानों ने ब्रांड पर भरोसा किया और इसे अपने विश्वसनीय साथी के रूप में चुना।

नवाचार और उन्नत अनुसंधान के साथ समृद्ध विरासत पर आधारित, एलायंस कृषि और वानिकी क्षेत्रों में अग्रणी ब्रांड के रूप में स्थापित है। तीन दशकों से अधिक के रेडियल टेक्नोलॉजी में अनुभव और 120 से अधिक देशों में उपस्थिति के साथ, एलायंस ने हमेशा विश्वास, उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

एलायंस की व्यापक उत्पाद श्रृंखला में एग्रीफ्लेक्स टेक्नोलॉजी, एसएलटी टेक्नोलॉजी, और एलाइट टेक्नोलॉजी जैसी अत्याधुनिक तकनीक शामिल हैं। इसके अलावा, ब्रांड कंस्ट्रक्शन, मटेरियल हैंडलिंग, लॉन गार्डन और टर्फ जैसे क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए रेडियल, बायस और सॉलिड टायर की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। योकोहामा-एटीजी के अध्यक्ष और सीईओ एंजेलो नोरोंहा ने कहा कि 'ऑफ-हाईवे टायर सेगमेंट में एलायंस के 70 शानदार वर्षों का जश्न मनाने पर हमें बहुत खुशी हो रही है। ह्यहमेशा आपके साथ्ह्व अभियान हमारे ग्राहकों और साझेदारों के साथ बनाए गए मजबूत संबंधों का सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान ग्राहकों को दी जाने वाली गुणवत्ता, उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है। हमारे वैश्विक ऑन-ग्राउंड सेवा दल इस वादे को निभाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। हमेशा आपके साथ अभियान वर्ष 2025 तक चलेगा। इस दौरान ब्रांड अपने शीर्ष ग्राहकों और साझेदारों को वैश्विक स्तर पर सम्मानित करेगा। यह अभियान एलायंस की विश्वसनीय और जिम्मेदार ब्रांड की छवि को और मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो अपने ग्राहकों और साझेदारों के लिए हमेशा कस्टम-निर्मित समाधान प्रदान करने के लिए तैयार रहता है।

# नरसिंह दुबे बाबूजी की पुण्यतिथि पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**वसई (उत्तरशक्ति)।** श्री नरसिंह के. दुबे चॅरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं रुग्णालय द्वारा स्वर्गीय नरसिंह दुबे की 16 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 28 जनवरी को सुबह 10 बजे से रात 10.00 बजे तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ' इसमे निःशुल्क चिकित्सा शिविर,सुद्दढ बालक प्रतियोगिता, पाचन संस्थान पर आधारित वनौषधीयों की प्रदर्शनी, संभाषा प्रतियोगिता,भावपूर्ण श्रद्धांजली, विशुद्ध भोजपुरी,अवधी कवि संमेलन आदी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्वलन एवं धन्वंतरी पूजन से की गई ' निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 1156 मरीजों ने विभिन्न चिकित्सा का लाभ लिया ' जिसमे रक्त परीक्षण, इसीजी, एक्स-रे आदि निःशुल्क परीक्षण चिकित्सकों के सलाह के अनुसार किया गया। किफायती दाम में चष्मा वितरण भी किया गया। महाविद्यालय के सभागृह में सुद्दढ बालक प्रतियोगिता संपन्न हुई' वसई के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रेरणा मांजलकर तथा नालासोपारा के प्रसिद्ध बालरोग विशेषज्ञ डॉक्टर अखिलेश सरोज ने बालकों का चयन किया। संभाषा प्रतियोगिता में प्राथमिक दौर में चयनित 66 प्रतियोगियों में से 15 प्रतियोगियों ने



अंतिम दौर में हिस्सा लिया। इसमे महाराष्ट्र राज्य के सभी वैद्यकीय, डेंटल ,आयुर्वेद होमिओपॅथी, नर्सिंग, फिजिओथेरपी एवं अन्य क्षेत्र के विद्यार्थीयों ने सहभाग लिया ' गुणवत्ता के अनुसार स्पर्धकों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय व उत्तेजनार्थ पुरस्कार के लिए चयन किया गया। संस्था के अध्यक्ष जयप्रकाश दुबे , डायरेक्टर डॉ ओम प्रकाश दुबे, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजमोहन पांडे एवं सभी निर्णायकों द्वारा मिलकर पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

तत्पश्चात भोजपुरी, अवधी कवि संमेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कवि राम सिंह ,कवि रासबिहारी पांडे, कवि ‡निडर जौनपुरी, कवि शिवप्रकाश पांडे जमदग्नीपुरी, कवि अरुण दुबे ,कवयित्री किरण तिवारी, जवाहरलाल शर्मा निर्झर, जिया उल हक ने अपनी भोजपुरी अवधी कविताओं से दर्शकों का मनोरंजन किया और उन्हें भोजपुरी अवधी भाषा से जोड़ने का प्रयास किया ' कवियों ने हास्य,व्यंग, करूण, श्रृंगार एवं वीर रस की कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ' सभी भोजपुरी/अवधी भाषिक महिलाओं एवं पुरूषों ने कवि संमेलन का भरपूर लुत्फ उठाया ।कवि संमेलन का संचालन प्रो.डॉ. चंद्रभूषण शुक्ला ने किया ' इस अवसर पर उपस्थित रहने वाले प्रमुख लोगों में श्याम सुंदर दुबे, नरेश दुबे ,डॉ राधेश्याम तिवारी, उद्योगपति धर्मराज दुबे, डॉ ह्दय नारायण मिश्र, उद्योगपति दिनेश चंद्र उपाध्याय, जयप्रकाश सिंह, नागेंद्र तिवारी,वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, नवल किशोर मिश्रा, दद्दन सिंह, बबलू सिंह,अमित दुबे आदि का समावेश रहा।

## विप्र फाउंडेशन ने रेलवे सम्बन्धित समस्याओं को लेकर पालक मंत्री गणेश नाईक को सौंपा ज्ञापन

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** विप्र फाउंडेशन की ओर से रेलवे संबंधित समस्याओं को लेकर वरिष्ठ समाजसेवी संजय ज.पाटील के नेतृत्व में विप्र फाउंडेशन प्रमुख ब्रह्मदेव चौबे व अन्य पदाधिकारियों ने पालघर जिले पालक मंत्री गणेश नाईक से मुलाकात की। इस दौरान विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने पालक मंत्री गणेश नाईक के साथ बोईसर के लोगों की रेलवे संबंधित विभिन्न कठिनाइयों पर ब्रिहद चर्चा करने के पश्चात बोईसर रेलवे स्टेशन से होकर उत्तर भारत ओर जाने आने वाली ट्रेनों को बोईसर रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। विप्र फाउंडेशन प्रमुख ब्रह्मदेव चौबे ने पालक मंत्री गणेश नाईक को जानकारी देते हुए बताया कि बोईसर में अधिक संख्या में उत्तर भारतीय लोग रहते हैं लेकिन उनके गांव जाने के लिए बोईसर से कोई सुविधा नहीं



है। उत्तर भारतीय बोईसरवासियों को गांव जाने के लिए मुंबई या गुजरात की तरफ लोकल ट्रेन के जरिये भीड़ का सामना करते हुए विशेष भाग दौड़ करना पड़ता है। इसके लिए उत्तर भारत की ओर जाने व आने वाली ट्रेनों का बोईसर रेलवे स्टेशन पर ठहराव अतिआवश्यक है। पालक मंत्री गणेश नाईक ने अपनी दायित्व को स्वीकारते हुए स्थानीय लोगों के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। बतादें कि विप्र फाउंडेशन के प्रमुख ब्रह्मदेव चौबे उत्तर भारतीय लोगों की रेलवे संबंधित कठिनाइयों के निराकरण हेतु विगत वर्षो से ही लगातार प्रयासरत हैं। पालक मंत्री गणेश नाईक को ज्ञापन सौंपते समय विप्र फाउंडेशन बोईसर प्रमुख ब्रह्मदेव चौबे के साथ अखिलेश पाण्डेय, वरूण कुमार मिश्रा, महादेव तिवारी,सोनू पाण्डेय, वरूण चौबे,सुनीत पाण्डेय, शनि पाण्डेय, राजू सिंह, मनीष सिंह, विशिष्ट नागरिक सम्मान से सम्मानित लाल प्रताप सिंह के अलावा विप्र फाउंडेशन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

## श्रद्धालुओं ने महाकुंभ स्पेशल ट्रेन पर की पत्थरबाजी

**अयोध्या(उत्तरशक्ति)।** अयोध्या रेल खंड पर कोतवाली क्षेत्र के मलेथू कनक हाल्ट रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की देर शाम ट्रेन पर न बैठ पाने से नाराज श्रद्धालुओं ने हंगामा किया। बाद में पत्थरबाजी भी की। इससे ट्रेन की कई बोगियों के शीशे टूट गए। कुछ श्रद्धालुओं के घायल होने की सूचना भी है। बताया गया कि अयोध्या से प्रयागराज जा रही स्पेशल महाकुंभ ट्रेन संख्या 64222 लगभग 07:20 बजे मलेथू कनक हाल्ट रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन में श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा थी, जिसके चलते ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने कई बोगी का गेट अंदर से बंद कर दिया। स्टेशन पर जैसे ही ट्रेन रुकी, श्रद्धालुओं ने ट्रेन में घुसने का प्रयास किया। कुछ तो कड़ी मशक्कत के बाद अंदर बैठ गए, लेकिन करीब 150 श्रद्धालु नहीं बैठ पाए और ट्रेन चलने लगी। ट्रेन में न बैठ पाने से आक्रोशित श्रद्धालुओं ने ट्रेन पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। पत्थरबाजी में ट्रेन की बोगी का कई शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। टूटा कांच प्लेटफार्म पर बुधवार को भी पड़ा था। ट्रेन में बैठे गार्ड को भी चोट लगने की जानकारी मिली है। वहीं, ट्रेन में सवार कुछ यात्रियों ने इसकी शिकायत रेलवे पुलिस सुल्तानपुर से की है। गेटमैन मोहम्मद वसीम ने बताया कि रेलवे के अधिकारियों को जानकारी दी गई है। बीकापुर कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि पत्थरबाजी नहीं हुई थी।

## बोलेरो से टकराई श्रद्धालुओं से भरी पिकअप,11 लोग घायल

**बलिया(उत्तरशक्ति)।** बलिया के नरही थाना के बिलरिया गांव के पास स्नानार्थियों से भरी पिकअप व बोलेरो की टक्कर में 11 महिला स्नानार्थी घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती कर इलाज शुरू किया। घटना की खबर पर मौके पर एसपी ओमवीर सिंह, एएसपी कृपाशंकर दलबल के साथ पहुंच घटना की जानकारी कर घायलों को बेहतर इलाज का निर्देश दिया। देवरिया जिले के बरहज नगरपालिका के गौरा मोहल्ला निवासी महिलाएं पिकअप से बक्सर मौनी अमवस्या स्नान करने जा रही थी। बिलरिया चट्टी के पास सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। इसमें सवार कलावती (50) पति हरिलाल निषाद, अनिता देवी (40) पति नन्द लाल, प्रीति निषाद (18) पिता राजकुमार, सुनीता देवी (30) बृजेश निषाद (35) पिता जोखू निषाद, इंदु निषाद (35) पति राजेंद्र निषाद, सावित्री निषाद (25), रविता निषाद (19), प्रमिला निषाद (24) वर्ष पति सुनील, रागनी (10), खशबू (3) गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी एक ही मोहल्ला के निवासी थे। किराए पर पिकअप कर उसमें करीब 25 लोग सवार होकर रात में बक्सर स्नान के लिए निकले थे। बिलरिया गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार के कार से टक्कर हो गई, इसमें सवार 11 स्नानार्थी गम्भीर रूप से घायल हो गई। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कर दिया गया।

## पुलिसकर्मियों की आंखों में मिर्च झोंककर कस्टडी से भागे दो हत्यारोपी

**बागपत(उत्तरशक्ति)।** बागपत जनपद में मंगलवार को खैला गांव में हिस्ट्रीशीटर और उसके साले की हत्या के आरोपी पुलिस कस्टडी से फरार हो गए। बताया गया कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि दूसरा फरार हो गया। जानकारी के अनुसार हत्या के आरोपी हरेंद्र और गौतम कोर्ट में पेशी के दौरान पुलिस की आंख में मिर्च पाउडर डालकर भागे। इसके बाद पास में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गए। पुलिस ने कड़ी मसक्कत से दोनों को नीचे उतारा। बताया गया कि एक को पकड़ लिया गया जबकि दूसरा भाग निकला।

## घर के बाहर खड़ी कार में अज्ञात कारणों से लगी आग

**आजमगढ़(उत्तरशक्ति)।** अहरौला थाना क्षेत्र के मतलूबपुर स्थित सब्जी मंडी के बाहर बीती आधी रात एक व्यक्ति के घर के बाहर खड़ी कार में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते-देखते घर के बगल स्थित मंडी की लगभग चार दुकानें भी आग की चपेट में आ गई। लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन दल को दिया और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। एक घंटा बाद पहुंचे अग्निशमन दल के कर्मचारियों और बाजारवासियों के प्रयास से किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। तब तक कार सहित चार दुकानें पूरी तरह राख में तब्दील हो गया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पीड़ित कार स्वामी ने कार में आग लगाने का आरोप लगाते हुए अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। मतलूबपुर में भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी विवेक सोनकर का आवास है। बगल में ही सब्जी मंडी है। बीती रात करीब डेढ़ बजे के आस-पास अचानक उनकी कार में आग पकड़ लिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते आगे ने विकराल रूप ले लिया। लोग आग बुझाने का प्रयास करने में जुट गए। लेकिन सफलता नहीं मिली। तब तक आग ने सब्जी मंडी स्थित चार दुकानों को भी अपने चपेट में ले लिया। आग के विकराल रूप को देख लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन दल को दी। तीन से चार घंटे के प्रयास के बाद किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी विवेक सोनकर ने बताया कि उनकी स्विफ्ट कार को किसी ने पेट्रोल डालकर जलाया है। क्योंकि वहीं आस-पास अन्य गाड़ियां भी खड़ी थीं, वह नहीं जलीं। उन्होंने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक साल पहले भी इस तरह की घटना हुई थी, जिसमें दो ऑटो जले थे। उस दौरान हृदय नारायण गौड़ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। लेकिन उसका अभी तक कोई खुलासा नहीं हो सका। एक बार फिर इसी तरह की घटना से लोगों में गुस्सा है। इस घटना में हृदय गौड़ पुत्र श्याम बली, करिया यादव पुत्र स्व. सिधारी, बुद्धू निषाद पुत्र सरन भोलू सोनकर पुत्र स्व. राम लखन, विवेक सोनकर पुत्र श्याम प्रीत का कुल मिलाकर 16 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।

## मौनी अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब, नदियों-सरोवरों में भक्तों ने किया स्नान

**आजमगढ़।** मौनी अमावस्या पर बुधवार को जिले के अवंतिकापुरी, भैरव बाबा धाम, दुवार्सा दत्तात्रेय आदि पौराणिक स्थानों पर सुबह स्नान किया। मंदिरों में पूजन के बाद दान देकर परिवार की सुख व समृद्धि की कामना की। निजामाबाद के गौसपुर ग्राम सभा में स्थित महर्षि दत्तात्रेय धाम पर कुंवर और तमसा नदी के संगम में स्नान करने वालों का तांता लगा रहा। सुरक्षा की दृष्टि से भारी मात्रा में पुलिस जगह-जगह तैनात दिखी। कुंवर और तमसा नदी के संगम पर स्नान करने के बाद भक्तों ने पातालपुरी महादेव मंदिर पहुंच जलाभिषेक करने के बाद महर्षि दत्तात्रेय मंदिर में भगवान श्री राम दरबार का दर्शन किया और दान भी किया। अहरौला/ फूलपुर में मौनी अमावस्या पर फूलपुर और ग्रामीण क्षेत्रों के नदियों और सरोवरों में स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। आस्था की डुबकी लगाने के बाद भक्तों ने मंदिरों में मत्था टेका। पौराणिक स्थल दुवार्सा धाम पर ठंड के बावजूद आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। रानी की सराय के मौनी अमावस्या पर ठंड पर आस्था भारी पड़ गई। अवंतिकापुरी व रानी की सराय कस्बा में रानी पोखरा सहित अन्य तालाबों और पोखरों में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और पूजन-अर्चन कर मन्नतें मांगी। इसके बाद मंदिर में जाकर पूजन-अर्चन कर दान-दक्षिणा दिया। मंदिरों में बज रहे घंट-घड़ियाल से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। इसी क्रम में रानी पोखरा पर भी स्नानार्थियों की भीड़ देखने को मिली। लोगों ने स्नान के बाद पोखरा तट पर बने हनुमान जी सहित अन्य देवी-देवताओं के मंदिर में मत्था टेका।

## पारिवारिक कलह से तंग आकर बुजुर्ग दंपती ने की खुदकुशी

**आजमगढ़(उत्तरशक्ति)।** सिधारी थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की दोपहर एक वृद्ध दंपती ने सिधारी हाल्ट पर ट्रेन के आगे कूद कर खुदकुशी कर ली। मृतक बसंता (72) और बरती देवी (68) शामिल हैं। घटना के बाद ग्रामीण भी स्तब्ध है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खुदकुशी की वजह पारिवारिक कलह मानी जा रही है। सिधारी थाना क्षेत्र के करनपुर गांव निवासी बसंता (72) पत्नी बरती देवी (68), छोटे बेटे और बड़ी बहू के साथ घर पर रहते थे। उनका बड़ा बेटा बाहर रहकर काम करता था। ग्रामीणों की माने तो बुजुर्ग दंपती से आए दिन बड़ी बहू से किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। रविवार की रात भी बहू से किसी बात को लेकर अनबन हुई थी। पारिवारिक कलह से तंग आकर वृद्ध दंपती सोमवार की सुबह घर से निकल पड़े। वह गांव में कुछ लोगों से यह कहकर निकले कि अब वह घर कभी नहीं लौटेंगे। उधर, छोटे बेटे को भी गांव के लोगों ने समझाया तो बेटे ने जवाब दिया कि सभी सिर्फ मरने के लिए कहते हैं लेकिन कोई करता नहीं है।

# अपर तहसीलदार कार्यालय जरूरी राजन नाइक



नालासोपारा। नालासोपारा विधान सभा के विधायक राजन नाइक ने राजस्व मंत्री चन्द्रशेखर बावनकुले को पत्र लिखकर मांग की है कि नालासोपारा, वसई, विरार और बोईसर विधानसभा क्षेत्रों की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए नालासोपारा या विरार में एक अपर ताहसीलदार कार्यालय शुरू किया जाना चाहिए। विधायक नाइक ने अपने बयान में कहा कि वसई तहसील कार्यालय नालासोपारा, वसई और बोइसर विधानसभा के कुछ हिस्से को कवर करता है। वसई तालुक में 10 लाख से अधिक मतदाता और लगभग 30 लाख की आबादी है। लेकिन वर्तमान में तालुका में केवल एक ही तहसीलदार कार्यालय होने के कारण नागरिकों को सरकारी और प्रशासनिक योजनाओं और छात्रों के लिए आवश्यक विभिन्न प्रकार के प्रमाणपत्रों के साथ-साथ राशन कार्ड जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही समय और पैसा भी काफी खर्च करना पड़ता है। इसलिए विरार या नालासोपारा में एक अपर तहसीलदार कार्यालय शुरू करने से लगभग 65 राजस्व गांवों को कवर किया जा सकता है। उप-विभागीय अधिकारी, वसई की रिपोर्ट है, और यह सरकारी काम को सरल बनाएगा तथा क्षेत्र के नागरिकों के लिए समय बचाएगा। इसलिए राजस्व मंत्री महाराष्ट्र राज्य के चन्द्रशेखर बावनकुले ने आश्वासन दिया कि नालासोपारा या विरार में अपर तहसीलदार कार्यालय जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा। बीजेपी नेता मनोज बारोट ने मीडिया को बताया है कि विधायक राजन नाइक को यह जानकारी दी गई है।

# गणतंत्र दिवस पर पति पत्नी दोनों हुए सम्मानित



झुंझुनूं। आयुर्वेद विभाग झुंझुनूं में कार्यरत पति पत्नी दोनों एक साथ पहली बार 76 वे गणतंत्र दिवस पर सम्मानित हुए हैं, इसे आप इत्तफाक कहे या संयोग पर यह सच है कि दोनों के द्वारा की जा रही सेवा को यह सम्मान जरूर मिला है। आपको बता दे राजकीय आयुर्वेद औषधालय लुट्टू में कार्यरत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर महेश कुमार झाझड़िया को जिला प्रशासन झुंझुनूं द्वारा इस गणतंत्र दिवस पर जिलाधीश द्वारा उनकी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा एवं सराहनीय कार्यों के लिए दिया गया है तो वहीं उनकी धर्मपत्नी डॉ रामा कस्वा, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी,राजकीय आयुर्वेद औषधालय कंकडेऊ खुर्द को मलसीसर उपखंड अधिकारी द्वारा खंड स्तर पर विभागीय दायित्वों का उत्कृष्ट निर्वहन एवं आयुर्वेद प्रचार प्रसार के लिए नवाजा गया है। विभाग को मिले गर्व के क्षण में इस दोयम उपलब्धि पर अब तक बधाई देने वालों का सिलसिला जारी है और विभाग में खुशी की लहर है। आयुर्वेद विभाग के ऊजार्वान उपनिदेशक डॉ. जितेंद्र स्वामी सहित सभी ब्लॉक नोडल अधिकारी व चिकित्सक साथियों ने दंपति के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दोनों को बधाई संदेश भेजे हैं।

## होंडा मोटरसाइकल ने बच्चों को जागरूक करने के लिये सड़क सुरक्षा पर शिक्षा दी



**पटना(उत्तरशक्ति)।** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने सड़क के माहौल को ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिये अपनी प्रतिबद्धता जारी रखी है। इस कड़ी में कंपनी ने सड़क सुरक्षा की शिक्षा पर केन्द्रित एक रोचक किड्स कार्निवल का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बच्चों को यातायात सुरक्षा की आवश्यक जानकारी देने के लिए किया गया था। यह 2050 तक यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को शून्य करने के लिये होंडा के वैश्विक दृष्टिकोण से बखूबी मेल खाता है। एचएमएसआई ने सड़क सुरक्षा पर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिये उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। कंपनी ने यह काम 2030 तक सड़क पर होने वाली मौतों को आधा करने के लिये भारत सरकार के लक्ष्य की दिशा में किया है। किड्स कार्निवल का आयोजन भारत में एचएमएसआई के सभी चार संयंत्रों में हुआ-तापुकारा (राजस्थान), विठलापुर (गुजरात), नारसापुरा (कर्नाटक) और आईएमटी मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा में कंपनी की ग्लोबल रिसोर्स फैक्ट्री में इसका समापन हुआ। किड्स कार्निवल गतिविधि में सरकारी तथा प्राथमिक स्कूलों के 1100 से अधिक विद्यार्थी एवं शिक्षक शामिल हुए। इसका लक्ष्य बच्चों के बीच सड़क पर सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देना था। कक्षा 5 और 6 के विद्यार्थियों के साथ उनके शिक्षक थे। उन्होंने संवादपरक गतिविधियों में सक्रियता से भाग लिया। यह गतिविधियाँ उन्हें शिक्षित करने और सड़क सुरक्षा का एंबेसेडर बनने की ताकत देने के लिये थीं।

# भागलपुर के खरमंचक में खुला द जावेद हबीब सैलून

**भागलपुर(उत्तरशक्ति)।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हेयर एंड ब्यूटी सैलून द जावेद हबीब ने भागलपुर के खरमंचक स्थित एस एस टावर में अपने प्रीमियम सैलून की शुरूआत की। इस लग्जरी सैलून में ग्राहकों को बाल, सौंदर्य, मेकअप, नाखून आदि जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सैलून का उद्घाटन भागलपुर की मेयर बसुंधरा लाल, विश्व प्रसिद्ध हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब, मास्टर फ्रेंचाइजी बिहार अरविन्द कुमार, फ्रेंचाइजी ओनर अभय कुमार गुप्ता एवं राजकुमार गुप्ता, वार्ड पार्षद अश्वनी जोशी मोंटी, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष साह, भाजपा सदस्य चंदन ठाकुर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब ने कहा कि सर्दी का मौसम चल रहा है और हम सभी को



अपने बालों और त्वचा को लेकर चिंताएं रहती हैं। इस मौसम में अपने बालों का ख्याल रखना बेहद जरूरी है क्योंकि उनमें नमी आ जाती है। गर्म पानी में बाल धोना एक आम गलती है जो लोग करते हैं। गर्म पानी आपके सिर की त्वचा को शुष्क कर देता है जिससे खुजली और रूसी हो जाती है। अपने बालों को ठंडे पानी से धोने से आपके बाल अधिक नुकसान से बचते हैं। बाल धोने से ठीक 10 मिनट पहले थोड़ा सा तेल लगाना सबसे अच्छा कंडीशनर है या फिर हफ्ते में एक बार हेयर स्पा के लिए जाएं। नियमित फेशियल उचित पोषण के साथ आपके चेहरे को चमकदार बनाए रखने में मदद करता है। वहीं फ्रेंचाइजी ओनर अभय कुमार गुप्ता एवं राजकुमार गुप्ता ने कहा कि इस सैलून में हमारे पास क्लीनअप, डीटीएएन और हर्बल फेशियल सर्विस पेशकशों की एक विस्तृत श्रृंखला है। इस नए सैलून में आप सर्वोत्तम स्वच्छता, उपायों और अत्यधिक सुरक्षा की गारंटी के साथ इन सभी सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। यह सभी जावेद हबीब सैलून में से एक लक्जरी प्रारूप का सैलून है जहाँ आपको सौंदर्य की सारी सुविधाएं एक ही छत के नीचे सुलभ तरीके से प्रदान की जाएगी। मास्टर फ्रेंचाइजी बिहार अरविन्द कुमार ने बताया कि जावेद हबीब भारत में वेलनेस फैलाने वाले प्रमुख हेयर एंड ब्यूटी सैलून में से एक है। कंपनी के पूरे भारत में लगभग 1000 से अधिक सैलून हैं। कंपनी बिहार - झारखण्ड में पैशनेट पार्टनर्स को आमंत्रित कर रही है ताकि वो इस सैलून से जुड़कर इसका लाभ उठा सकें।

## अनियंत्रित होकर नाले में गिरी बाइक, दो भाइयों की मौत

**भदोही (उत्तरशक्ति)।** औराई कोतवाली के कैयरपुर गांव के पास सर्विसलेन पर अनियंत्रित होकर नाले में गिरी बाइक से दो चचेरे भाईयों की मौत हो गई। दोनों महराजगंज बाजार से घर लौट रहे थे। अचानक मोड़ पड़ने से उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। औराई थाना क्षेत्र के मेघिपुर खलिया गांव निवासी सोनू (22) पुत्र दिनेश कुमार और अंकित (18) पुत्र रमेश एक ही परिवार के चचेरे भाई थे। दोनों सूरत की एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करते हैं।

इन दिनों छुट्टी लेकर घर आए हुए हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार को दोनों किसी काम से महाराजगंज बाजार आए हुए थे, यहां जहां से लौट रहे थे। दोनों अपने गांव जाने वाले रास्ते के पास पहुंचे ही थे कि वाराणसी-प्रयागराज हाईवे के सर्विसलेन पर कैयरमऊ के पास मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और नाले में चली गई। इस हादसे में सोनू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, अंकित को आनन-फानन चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। वह अपने माता-पिता का इकलौता लकड़ा था।

उससे छोटी उसकी दो बहनें है। वंही अंकित भी परिवार में बड़ा था। उसके पीछे एक भाई और दो बहन है। बताया जा रहा है कि दोनों परिवार की माली हालत ठीक नहीं है। दोनों परिवार की आजीविका चलाते थे। वहीं, इनके पिता दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। मृतक सोनू व अंकित के एक-एक बहनों की शादी हुई है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# महाकुंभ में भगदड़ के बाद वाराणसी समेत इन जिलों में रोके गए वाहन

वाराणसी। महाकुंभ में भगदड़ और भारी भीड़ को देखते हुए मुंगराबादशाहपुर तक पहुंची रोडवेज की बसों और निजी वाहनों को वापस किया जा रहा है। कुछ निजी वाहनों से आए श्रद्धालुओं की जिद के आगे प्रशासन नमस्तक है। श्रद्धालु हर हाल में प्रयागराज जाकर स्नान करना चाहते हैं। सतहरिया व ईटहरा में बसों को पूरी तरह से रोक दिया गया है। फिलहाल 24 घंटे तक कोई भी वाहन प्रयागराज सीमा में प्रवेश नहीं कर सकता है। पुलिस प्रशासन का सख्त पहरा है। ईटहरा बॉर्डर पर जाम की स्थिति बनी हुई है। डीएम दिनेश चंद्र ने 24 घंटों के लिए महाकुंभ में जाने वाले वाहनों को जो जहां है वहीं पर रोकने का आदेश दे दिया है। सीओ मछलीशहर परमानंद कुशवाहा ने बताया कि मेला प्रशासन कि अनुमति जब तक नहीं मिलती तब तक बॉर्डर बंद रहेंगे। बॉर्डर



खुलने में 48 से 56 घंटे का समय भी लग सकता है।

महाकुंभ में भगदड़ की वजह से पीडीडीयू जंक्शन से प्रयागराज को गुजरने वाली सभी ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है। वहीं स्टेशन परिसर में भी लोगों को घुसने से रोका जा रहा है। वहीं प्रयागराज से डाउन ट्रेन यात्रियों को और श्रद्धालुओं को लेकर पहुंच रही हैं। प्रयागराज में संगम नोज के पास हुई भगदड़ के बाद जिले से प्रयागराज जाने वाले मार्गों की सतर्कता बढ़ा दी गई है। कई जगहों पर प्रयागराज जाने वाले वाहनों को रोक दिया गया है। मध्य प्रदेश से आने वाले वाहनों को ड्रमंगंज के पास रोक दिया गया। जबकि मिजार्पुर से प्रयागराज की ओर जाने वाले वाहनों को जिगना के पास रोक दिया गया है। इसी तरह कई ट्रेनों को भी रोका गया। भगदड़ को लेकर हुई स्थिति के बाद मजिस्ट्रेट को भी रात में मौके पर भेजा गया। एडीएम शिव प्रताप शुक्ला, एसडीएम सदर गुलाब चंद्र व अन्य मजिस्ट्रेट जिगना वाले मार्ग पर निगरानी करते रहे। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट और ड्यूटी में लगे अन्य अधिकारियों को भी रात में ही मौके पर भेजा गया। जिले में इसको लेकर पूरी सतर्कता बरती जा रही है। वाहनों को प्रयागराज जाने वाले मार्गो से डायवर्ट किया जा रहा है। प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान के दौरान मची भगदड़ के बाद प्रशासन ने प्रयागराज की तरफ जाने वाले वाहनों को भदोही में ही रोक दिया है। जिले में बनाए गए होल्डिंग एरिया में हजारों वाहन खड़े हैं। इस दौरान महाकुंभ में नहीं पहुंच पाने के कारण मायूस श्रद्धालुओं को प्रशासन समझाने बुझाने में लगा रहा। वहीं श्रद्धालुओं की व्यवस्थाएं भी पहुंचाने में जुटा रहा। मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ में उमड़ी करोड़ो श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच अचानक भगदड़ मच गई। भगदड़ मचने की सूचना मिलते ही प्रयागराज मेला प्रशासन ने जिले के अंदर वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी। इधर जिला प्रशासन को जैसे ही इसकी सूचना मिली वह अलर्ट मोड पर आ गई और जिले में बने होल्डिंग एरिया में वाहनों को रोक दिया।

## दयानन्द वैदिक विद्यालय मुलुंड के पूर्व विद्यार्थियों का 16 वाँ स्नेह मिलन समारोह संपन्न



**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दयानंद वैदिक विद्यालय मुलुंड के बैच 1997 द्वारा आयोजित पूर्व विद्यार्थियों का स्नेह मिलन कार्यक्रम का सफल आयोजन दयानंद बैंक्वेट हॉल, मुलुंड प. में किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षक, शिक्षिका, लिपिक एवं सिपाही के साथ-साथ लगभग 280 पूर्व छात्र-छात्राओं नें अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम में मुंबई , अमृतसर, बैंगलुरु, वाराणसी, दिल्ली इत्यादि शहरों से भी पूर्व छात्र-छात्राएँ आए हुए थे। कार्यक्रम के आयोजन और सफलता में पिछले 2 महीने से अथक प्रयास करने वाले आयोजन समिति के सदस्य-तिलबहादुर सोनार, रंजीत गुप्ता, अविनाश पाठक, संजीव गुप्ता, दिलीप सिंह, योगेश यादव, सुभाष राज, विनोद राजपूत, अनिल जैसवाल, धर्मेश शर्मा, महेश गुप्ता, अनिता वर्मा, सरिता सिंघवी, पूनम ठाकुर का सभी उपस्थिति महानुभावों नें आभार माना तथा भविष्य में इसी तरह के आयोजन हेतु शुभकामनाएँ दी। स्नेहा कैटरर्स के मालिक संजय माळी नें विशेष सहकार्य और मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में मंच संचालक की भूमिका समिति के सदस्य वरुण यादव द्वारा निभाई गई। जिन्होंने विद्यालय से जुड़ी हुई बहुत सी पुरानी यादों को साझा करके माहौल को भावुक और अविस्मरणीय बना दिया।

# महाकुम्भ के दूसरा अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर 7 करोड श्रद्धालुओ ने संगम में लगाई डूबकी

**सुरेश गांधी**

**महाकुम्भ नगर(उत्तरशक्ति)।** प्रयागराज महाकुम्भ का दूसरा अमृत स्नान पर्व बुधवार को संपन्न हो गया। प्रशासन के मुताबिक मौनी अमृत स्नान पर्व पर 6.99 करोड श्रद्धालुओ ने संगम में डुबकी लगाई. इस तरह महाकुम्भ के 16वें दिन 19.94 करोड श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके है।

उधर हादसे के बाद अखाड़ों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए पहले श्रद्धालुओं को अमृत स्नान करने का अवसर दिया और बाद में सांकेतिक रूप से अमृत स्नान किया। प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर्व पर शाम 6 बजे तक करोड़ों लोगों ने पुण्य की डुबकी लगाई।

महाकुम्भ में घटी घटना के बाद अखाड़ों के संतों ने संवेदनशीलता दिखाई। यह पहला मौका था जब साधु-संतों, नागा संन्यासी और अखाड़ों ने संगम में



ऐतिहासिक प्रथम स्नान की प्रतिज्ञा तोड़ दी। परिस्थिति को देखते हुए अखाड़ों ने अपने ब्रह्म मुहूर्त के अमृत स्नान को स्थगित कर दिया और श्रद्धालुओं को पहले स्नान का अवसर दिया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी का कहना है कि सर्व सम्मति से सभी अखाड़ों ने निर्णय लिया कि हालात को देखते हुए पहले श्रद्धालुओं को अमृत स्नान का अवसर दिया जाय।

स्थिति सामान्य होने पर अखाड़ों ने अपनी भव्य अमृत स्नान की परम्परा का त्याग कर दिया और सांकेतिक रूप से स्नान कर परम्परा का निर्वहन किया। प्रयागराज महाकुम्भ के दूसरे अमृत स्नान में मौनी अमावस्या पर देश के तीन पीठों के शंकराचार्यों ने भी त्रिवेणी के संगम में डुबकी लगाई। शंकराचार्य ने श्रद्धालुओं से संयम बनाए रखने की अपील की। श्रृंगेरी शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी विधु शेखर भारती जी, द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी और ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने मौनी अमावस्या अमृत स्नान पर्व पर त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगाई।

तीनों पीठ के शंकराचार्य मोटर बोट के माध्यम से त्रिवेणी संगम पहुंचे, जहां पूरे धार्मिक विधि विधान से तीनों ने पुण्य की डुबकी लगाई और देश की जनता के कल्याण के लिए आशीष दिया।









